



दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-58 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 10 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी, 2-3 आतंकियों के फंसे होने की आशंका



उधमपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एक बार फिर मुठभेड़ शुरू हो गई है। यह मुठभेड़ रामनगर तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव जोफर में हुई, जहां पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान जवानों का आतंकियों से सामना हो गया। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, इलाके में दो से तीन आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है। सेना और आतंकवादियों के बीच फिलहाल गोलीबारी जारी है।

उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद भट ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उधमपुर जिले के रामनगर के मार्टा गांव (संभवत: जोफर या आसपास का क्षेत्र) में सुरक्षा बलों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों को देखा गया, जिसके बाद यह मुठभेड़ शुरू हो गई। डीआईजी भट ने बताया कि इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है और दो से तीन आतंकवादियों के फंसे होने की संभावना है। गौरतलब है कि हाल ही में कठुआ में हुई मुठभेड़ के दौरान भागे हुए आतंकवादियों की तलाश के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। ये आतंकवादी पहले भी उधमपुर और कठुआ के गांवों में कई बार देखे जा चुके हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उधमपुर, कठुआ और पठानकोट में सुरक्षा बलों ने कड़ी निगरानी रखी हुई है।

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की नातिन की हत्या, पति ने सीने में मारी गोली

गया, (आरएनएस)। बिहार में गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के टेंटुआ गांव के समीप एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि टेंटुआ गांव के समीप एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल भी बरामद किया है। मृतक महिला केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की दूर की नातिन बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था और आज आरोपी पति रमेश कुमार पटना से घर लौटा था।




दुबई के क्राउन प्रिंस और यूएई के उप प्रधानमंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और एमडी एवं सीईओ सुंदररामन राममूर्ति ने मुंबई में बीएसई का दौरा किया और प्रतिष्ठित बैल के साथ फोटो खिंचवाई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कला के संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका को सराहा



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मांडू प्रवास के दौरान दीनदयाल अंत्योदय योजना शहरी आजीविका मिशन के तहत स्थानीय महिलाओं को दिए जा रहे बाग प्रिंट प्रशिक्षण को देखा।

उन्होंने कला के संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका को सराहा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समस्त महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माण्डू के प्रसिद्ध चतुर्भुज श्रीराम मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीराम की प्रतिमा के भी दर्शन किए। उन्होंने मंदिर के महाराज एवं अन्य संतों से भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया।मांडू के चतुर्भुज श्रीराम मंदिर में किये दर्शन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि इस मंदिर में दर्शन का अवसर मिला। यहां भगवान श्रीराम की अद्भुत, अद्वितीय और ऐतिहासिक मूर्ति है। भगवान श्रीराम चतुर्भुज रूप में है। इसमें श्रीराम के साथ विष्णु भगवान की झलक भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विरासत से विकास की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में पर्यटन केन्द्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## मोदी कैबिनेट ने लिए बड़े फैसले, रेल लाइन प्रोजेक्ट, जीरकपुर बाईपास समेत इन परियोजनाओं को दी मंजूरी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें जीरकपुर बाईपास निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन का दोहरीकरण और कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य की यातायात सुविधाओं को सुधारना, जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।कैबिनेट ने पंजाब और हरियाणा में स्थित जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी। यह बाईपास छह लेन का होगा और इसकी कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर होगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एकीकृत परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। बाईपास एनएच-7 (जीरकपुर-पटियाला) के जंक्शन से शुरू होकर एनएच-5 (जिरकपुर-परवाणू) के जंक्शन तक जाएगा। इसके निर्माण से जीरकपुर और पंचकूला के अत्यधिक शहरीकृत और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचा जा सकेगा। यह परियोजना पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से आने वाले यातायात को डाइवर्ट करके हिमाचल प्रदेश के लिए सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे इन क्षेत्रों में यातायात की भीड़-भाड़ कम होगी। इस परियोजना की कुल लागत 1,878.31 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य यात्रा समय को कम करना और मुख्य शहरी मार्गों पर यातायात के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करना है।इसके अलावा कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के बीच तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण को भी मंजूरी दी। इस परियोजना पर 1,332 करोड़ रुपये खर्च होगा और इसका उद्देश्य रेलवे की लाइन क्षमता को बढ़ाकर ट्रेनों की गति और सेवा को सुधारना है। यह दोहरीकरण परियोजना भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों में से एक में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास को सुनिश्चित करेगा, जिससे यात्री और माल परिवहन में सुधार होगा। इस परियोजना के पूरा होने से रेलवे की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और भारतीय रेलवे की सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा

## सेना की बढ़ेगी ताकत, भारत फ्रांस से खरीदेगा 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान

नई दिल्ली(ए)। भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की बिक्री के लिए एक 'मेगा डील' को मंजूरी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर



जेट के साथ-साथ चार ट्विन-सीटर वैरिएंट मिलेंगे। भारत को एक बड़ा पैकेज मिलेगा जिसमें बेड़े का रखरखाव, लॉजिस्टिकल सपोर्ट, कर्मियों की ट्रेनिंग और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग कंपोनेंट के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सौदे को मंजूरी दे दी। राफेल मरीन जेट विमानों को भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर तैनात किया जाएगा और इससे समुद्र में नौसेना की हवाई शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।राफेल मरीन भारत में मौजूद राफेल फाइटर जेट्स से अधिक एडवांस्ड है। इसका इंजन ज्यादा ताकतवर है। रिपोर्ट के मुताबिक राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति लगभग चार वर्षों में शुरू होने का अनुमान है। नौसेना को 2029 के अंत तक पहला बैच प्राप्त होने की उम्मीद है। पूरा बेड़ा 2031 तक शामिल होने की संभावना है।

### बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून, दीदी करेंगी आपकी संपत्ति की रक्षा : ममता बनर्जी

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



जैन समुदाय द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और राज्य में एकता बनाए रखने की वकालत की।

ममता ने अपने संबोधन में कहा, हम बंगाल में वक्फ बिल लागू नहीं होने देंगे। मेरी सरकार धार्मिक आधार पर बंगाल का विभाजन नहीं होने देगी। मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं, मगर भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा। बंगाल में फूट डालो और राज करो की नीति नहीं चलेगी। आपको जियो और जीने दो का संदेश देना चाहिए। बंगाल में रहने वालों को सुरक्षा देना हमारा काम है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि अगर कोई आपको राजनीतिक रूप से इकट्ठा होने के लिए उकसाता है, तो कृपया ऐसा न करें। कृपया याद रखें कि दीदी आपकी और आपकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। अगर हम साथ रहेंगे, तो हम दुनिया जीत सकते हैं।

### गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन : खड़गे बोले, यह सरकार विपक्ष को बोलने नहीं देती

गांधीनगर(आरएनएस)। गुजरात में कांग्रेस के दो दिवसीय अधिवेशन में बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पिछले 11 सालों से सत्ता में है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि विपक्ष के किसी भी नेता को सदन में अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता है।खड़गे ने आगे कहा, यहां तक कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी बोलने नहीं दिया जाता है। ऐसे में आप इस बात का सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि जब लोग राहुल गांधी सरीखे नेता को बोलने नहीं दे रहे हैं, तो भला इस देश के आम लोगों को कैसे बोलने देंगे? यह अपने आप में बड़ा सवाल है, जिस पर हम सभी को एकजुट होकर विवेचना करनी होगी।

## मप्र में पारा पहुंचा 43 डिग्री पार


### भोपाल, रतलाम-शिवपुरी में स्कूलों का समय बदला

भोपाल (ए)। मध्यप्रदेश में गर्मी बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग ने बुधवार को जबलपुर-ग्वालियर समेत 30 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। तेज गर्मी के चलते भोपाल, रतलाम और शिवपुरी में सभी स्कूलों का समय बदल गया है। बुधवार को भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार ने 12 बजे के बाद 8वीं तक स्कूल नहीं लगाने के आदेश जारी किए हैं। शिवपुरी के सभी



सरकारी और निजी स्कूल सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक लगेंगे। वहीं, रतलाम में सभी स्कूल सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे।

### तीसरी आंख




### 13वीं बार जेल से बाहर आया राम रहीम, रिसीव करने पहुंची हनीप्रीत

रोहतक (आरएनएस)। हरियाणा सरकार ने एक बार फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पर मेहरबानी दिखाते हुए उसे 21 दिनों की फरलो प्रदान की है।



बलात्कार और हत्या के मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहे राम रहीम को आज सुबह रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, राम रहीम आज सुबह करीब 6 बजकर 40 मिनट पर जेल से बाहर आया। उसे लेने के लिए हनीप्रीत खुद पहुंची थी। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच राम रहीम को सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय ले जाया गया है, जहां वह अपनी फरलो की अवधि बिताएगा।बताया जा रहा है कि राम रहीम ने 29 अप्रैल को डेरा के स्थापना दिवस के मद्देनजर फरलो के लिए आवेदन दिया था। इस अवसर पर डेरे में एक बड़े आयोजन की योजना है, जिसमें राम रहीम शामिल होना चाहता था।

## बांका जंगल में मुठभेड़: कुख्यात नक्सली रमेश टुडू ढेर, 11 संगीन मामले थे दर्ज

बांका (आरएनएस)। बिहार के बांका जिले के कटोरिया थाना क्षेत्र के कलोथर जंगल में मंगलवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बिहार-झारखंड का कुख्यात नक्सली रमेश टुडू मुठभेड़ में ढेर हो गया।

एक लाख रुपये का इनामी 'हार्डकोर' नक्सली कटोरिया के बूढ़ीघाट गांव का निवासी था और पिछले 15 साल से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था। उसके खिलाफ जमुई और देवघर जिले के विभिन्न थानों में हत्या, अपहरण, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे 11 संगीन मामले दर्ज थे।

रमेश टुडू का आपराधिक इतिहास लंबा रहा है। 30 नवंबर 2011 को चन्द्रमंडी थाना में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत पहला केस दर्ज हुआ। इसके बाद 18 दिसंबर 2015 को हत्या और साजिश, 21 सितंबर 2018 को हत्या, 9 जनवरी 2019 को अपहरण, 28 फरवरी 2019 को पुलिस पर हमला और 24 मई 2019 को साजिश व विस्फोटक अधिनियम के तहत मामले दर्ज हुए।

6 मार्च 2016 को चकाई थाना में हत्या, 27 फरवरी 2017 को जसीडीह थाना में हत्या व डकैती, 23 दिसंबर 2013 को अपहरण, 17 नवंबर 2014 को चोरी व यूएपीए एक्ट और 13 जनवरी 2021 को आर्म्स एक्ट में केस दर्ज हुए।

मुठभेड़ के बाद डीएम अंशुल कुमार ने रमेश के शव के पोस्टमार्टम के लिए कटोरिया बीडीओ विजय कुमार सौरभ को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। पुलिस और एसटीएफ ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है और नक्सलियों के अन्य ठिकानों पर कार्रवाई शुरू की गई है। इस घटना से क्षेत्र में नक्सली सक्रियता का डर फिर से बढ़ गया है। करीब 20 साल पहले 3 नवंबर 2005 को आनंदपुर ओपी प्रभारी भगवान सिंह की हत्या के बाद नक्सलियों ने दहशत फैलाई थी, जिससे जंगलों में उनकी पकड़ मजबूत हुई। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई का इतिहास रहा है। 26 फरवरी 2011 को जयपुर थाना क्षेत्र के मांझीडीह में 12 घंटे की मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए थे, जिसमें देवान टुडू गिरफ्तार हुआ था। उसके पास से लूटी गई रायफल, एसएलआर, पिस्टल और 141 खोखे बरामद हुए थे। उसे दो साल पहले उम्रकैद की सजा मिली।20 फरवरी 2017 को सब जोनल कमांडर मंटू खैरा के मारे जाने के बाद इलाके में शांति आई थी। कटोरिया, चांदन और आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र का बड़ा हिस्सा जंगल, पहाड़ और नदियों से घिरा है। घने जंगलों के कारण यह इलाका नक्सलियों के लिए सुरक्षित ठिकाना रहा है।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक, मौलाना उमरैन बोले- मुसलमान डरता नहीं है




मुंबई (आरएनएस)। वक्फ संशोधन कानून को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच महाराष्ट्र के मालेगांव स्थित मस्जिद में बुधवार को बैठक हुई। यह बैठक ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की तरफ से बुलाई गई थी, जिसमें मुस्लिम मौलानाओं ने हिस्सा लिया और इस कानून का जोरदार विरोध किया। बैठक में शिरकत करने वालों ने कहा कि हम इस तरह के किसी भी कानून को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं, जिससे वक्फ की संपत्ति को नुकसान पहुंचे।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना उमरैन महफूज रहमानी ने इस बैठक के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा था कि वक्फ संशोधन कानून से वक्फ की संपत्ति को खतरा है। लिहाजा हमारी सरकार से मांग है कि इसे वापस लिया जाए। हम इस तरह के कानून को मौजूदा समय में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने वक्फ संशोधन कानून को केंद्र सरकार की मनमानी बताते हुए कहा कि इस देश का मुसलमान किसी से डरता नहीं है। अगर हुकूमत को ऐसा लगता है कि मुसलमान डरता है, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस देश का मुसलमान किसी से डरना नहीं जानता है।उन्होंने कहा कि आप जरा यह भी याद रखिए कि मुसलमान वो कौम नहीं है, जो आपकी धमकियों से डर जाएगा। धमकी उसे दीजिए, जो डरना जानते हों। मुसलमान अपने आपको डर और खौफ से उठाकर अपना ऐतबार अल्लाह पर रखता है, इसलिए आप हमें नहीं डराएं। अगर आप हमें डराएंगे, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आपकी गोलियां कम पड़ जाएंगी, लेकिन हमारे सीने कम नहीं पड़ेंगे। हम कुर्बानी देंगे और अपनी मंजिलों तक पहुंचेंगे।उन्होंने कहा कि वैसे तो यह कानून 1995 में बनाया गया था, जिसका हम स्वागत भी करते हैं, लेकिन अब जिस तरह से इसमें संशोधन किए गए हैं, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं।





## विविध-समाचार

### बढ़ती गर्मी के बीच छात्रों को राहतः भोपाल में बदली गई स्कूल की टाइमिंग



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में अप्रैल का महीना शुरू होते ही गर्मी ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कई जगहों पर तापमान 42 डिग्री के करीब पहुंच रहा है। इसके चलते राजधानी भोपाल में स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अब 12 बजे के बाद आठवीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं 12 बजे के बाद नहीं लगेंगी। यह फैसला छात्रों को भीषण गर्मी में सहूलियत और उनके स्वास्थ्य खराब न हो, इसे ध्यान में रखकर लिया गया है। वर्तमान समय में भोपाल सहित कई जिलों में सुबह से ही अत्यधिक गर्मी का अनुभव हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों की शारीरिक व मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू करना प्रस्तावित : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

**पीडीएस और गेहूँ उपार्जन की हुई समीक्षा**

भोपाल (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि स्मार्ट पीडीएस एक मई 2025 से लागू किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री श्री राजपूत ने पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार भी सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कराना अनिवार्य है।अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूँ उपार्जन की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवायें। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल ऐप से भी ई-केवायसी किया जा सकता है। एसीएस श्रीमती शमी ने इस कार्य में लगी टीम ग्राम/मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाये। एसीएस श्रीमती शमी ने गेहूँ उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर बारदाना एवं हम्माल/तुलावटी की समुचित व्यवस्था करें। स्लॉट बुकिंग अनुसार उपार्जन केन्द्रों में तौलकांटों की संख्या बढ़ाई जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन किसानों द्वारा स्लॉट बुक कर लिया गया है, उनसे उपज विक्रय के लिये सम्पर्क करें। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूँ का ही उपार्जन करें। उपार्जित गेहूँ के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। असामयिक वर्षा से उपार्जित गेहूँ की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसानों को बैठने के लिये छायादार स्थल, पेयजल एवं जनसुविधा की व्यवस्था करें। बैठक में आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करें सुनिश्चित

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहाँ की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय



अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के प्रति असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगारपरक कार्यक्रमों के लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित कर परिणाममूलक गतिविधियां संचालित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से दक्ष विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को जोड़ते हुए युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा।

बैठक में कौशल विकास नीति, रोजगार कार्यालयों और कौशल विकास के विलय, स्थानीय एवं परम्परागत पद्धतियों की पहचान के लिए आरंभ श्रुति कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।

## केन्द्रीय मंत्री श्री शाह 13 अप्रैल को करेंगे राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में शिरकत

### मंत्री श्री सारंग ने किया कार्यक्रम स्थल रवीन्द्र भवन का निरीक्षण



भोपाल (आरएनएस)। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री शाह सहकारिता विभाग की समीक्षा भी करेंगे। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस परिप्रेक्ष्य में कार्यक्रम स्थल रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले सम्मेलन की रूपरेखा तय की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर विभागीय नवाचार संबंधी प्रदर्शनी लगाई जाये। उन्होंने बैठक के लिये बोर्ड रूम सहित हॉल और अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा।

## भोपाल में गर्मी बना रही रोजाना रिकॉर्ड

### अरब सागर से आ रही नमी से कमजोर पड़ेगी गर्मी

भोपाल (ए)। राजधानी में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। ऐसे में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। पिछले छह दिनों में दिन के तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई है। शहर का अधिकतम तापमान इस सीजन का सबसे ज्यादा 41.1 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। तेज गर्मी के कारण सडकें सुनसान रहीं और शाम के समय भी गर्म हवाओं ने परेशान किया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, जबकि दिन के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। रात का तापमान 24 से 25 डिग्री तक पहुंच सकता है। राजस्थान से पश्चिम विदर्भ की ओर एक द्रोणिका सक्रिय है, जिसके प्रभाव से अरब सागर से नमी आ रही है। इस कारण इंदौर सहित मध्य और दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश में बादल छा सकते हैं। आने वाले दिनों में हवा का



रुख उत्तर-पश्चिमी रहेगा, लेकिन बादल छाने से लू की स्थिति नहीं बनेगी और गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि संभवत: यह पहली बार है जब अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा है, जबकि आमतौर पर ऐसा अप्रैल की 15 तारीख के बाद होता है। दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

## थाने में शिकायत की बात से तनाव में आये युवक ने बहन के घर जहर खाया, मौत

भोपाल(ए)। राजधानी में एक युवक ने थाने में शिकायत की धमकी से घबराकर बहन के घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना दो दिन पुरानी सोमवार की है। बुधवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। कटारा हिल्स पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गेश विहार कॉलोनी में रहने वाले योगेन्द्र पाठक (38) दो दिन पहले अटलांटिस कॉलोनी में रहने वाली अपनी बहन के घर आया था। वह मूलत: कटनी का रहने वाला था। बहन के घर पर उसने जहरीला कीटनाशक पी लिया। उसे इलाज के लिये परिवार वालो ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी हालत



लगातार नाजूक होती गई, आखिरकार दो दिन बाद उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है की योगेन्द्र और उसका एक साथी एक साथ काम करते थे। पार्टनर ने उन पर धोखाधड़ी के आरोप लगाते हुए अयोध्या नगर थाने में शिकायत की थी। इसी शिकायत के बाद वह काफी तनाव में रहने लगा था। आशंका है की इसी तनाव के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा । हालांकि अयोध्या नगर पुलिस का कहना है की आपसी विवाद की थाने में दोनों पक्षों में किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है। हालांकि यह बात संज्ञान में आई है कि योगेंद्र और एक अन्य व्यक्ति ने पार्टनरशिप में इंडस्ट्रीयल एरिया में एक फर्म शुरू की थी। धंधे में नुकसान हो रहा था, इसी के साथ योगेंद्र ने फर्म को नियम विरुद्ध तरीके से अपने नाम करा लिया था।

## 81 स्वास्थ्य संस्थाओं में हुए एक्सटेंड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

**शिविरों में 1600 से अधिक गर्भवती महिलाओं की हुई जांच**

भोपाल(ए)। एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत बुधवार को शिविरों में 1603 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। शिविर जिले की 81 स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित किए गए। जिसमें 20 से अधिक निजी क्षेत्र के चिकित्सकों द्वारा शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आकर जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी क्लिनिक के साथ साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, प्रोतिमा मालिक पुलिस अस्पताल में शिविर आयोजित हुए। अभियान के तहत निजी सोनोग्राफी केंद्रों के माध्यम से ई रूपी मॉडल में 40 महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी की गई। शुगर में 458 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिह्नांकित किया गया है।

# पार्थ योजना 9 स्थानों से होगी शुरू लगभग 450 बच्चे होंगे लाभान्वित

## खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने की विभागीय समीक्षा



भोपाल (निप्र)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टी.टी. नगर खेल स्टेडियम में एक मई से शुरू होने वाली पार्थ योजना की समीक्षा की। पार्थ योजना पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, मुरैना, शहडोल, सागर, इंदौर और उज्जैन में शुरू की जा रही है। इस योजना के जरिये हर स्थान पर 50-50 बच्चों का चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जायेगा।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि योजना शुरू होने से पहले उन स्थानों के कलेक्टर्स के साथ चर्चा की जाये। साथ ही भोपाल से निर्धारित स्थानों पर आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिये अधिकारियों को भेजा जाये, जो स्ट्रक्चर और इन्फ्रा-स्ट्रक्चर का आकलन जिला खेल अधिकारी के साथ मिलकर करें। योजना में प्रशिक्षण पूर्व आकलन की एसओपी तैयार की जाये। इसके लिये कमेटी का भी गठन करें। हरेक प्रक्रिया की एसओपी हो। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो। श्री सारंग ने बच्चों की सुविधा को देखते हुए समय निर्धारित करने को कहा। योजना के जरिये सप्ताह में 6 दिन प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। उन्होंने रविवार के दिन प्रशिक्षणार्थी को स्वैच्छा से फिजिकल एक्टिविटी की छूट देने को कहा।मंत्री श्री सारंग ने योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन, प्रशिक्षणार्थी पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, आयु, प्रशिक्षण की अवधि, शुल्क, शारीरिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षण समय, मानव संसाधन, प्रशिक्षक का मानदेय, वित्तीय प्रबंधन, आवश्यक सामग्री, किट, विज्ञापन एवं प्रचार-प्रसार आदि पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री श्री सारंग ने खेलो-बढ़ो अभियान के लिये स्कूलों का चयन कर कैलेण्डर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने मास्टर ट्रेनर के रूप में गाइड की ट्रेनिंग कराने को भी कहा। साथ ही अभियान से संबंधित लिटरेचर और फिल्म प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिये, जिसके जरिये बच्चे खेलो-बढ़ो अभियान की जानकारी हासिल कर सकेंगे। उन्होंने इस दौरान बच्चों को नामी-गिरामी खिलाड़ियों से भी मिलवाने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव और खेल संचालक राकेश गुप्ता सहित अन्य खेल अधिकारी उपस्थित थे।

### फंदा ब्लॉक की पंचायतों में निरीक्षण के दौरान बोली सीईओ

भोपाल ( निप्र)। बुधवार को फंदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान सीईओ श्रीमती इला तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यो के साथ निर्माणाधीन पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास अधोसंरचना के शेड निर्माण कार्यो का जायजा लिया।इस दौरान ग्राम पंचायत, ईटखेडी छाप में कोलांस नदी के निरीक्षण कर नदी पर घाट निर्माण, गेवियन संरचना के निर्माण के साथ-साथ साफ-सफाई व वृक्षारोपण के माध्यम से नदी के सौंदर्यीकरण किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धितों को निर्देशित किया। सबसे पहले ग्राम पंचायत कलखेडा पहुंच कर सीईओ ने नव निर्मित पंचायत भवन के कार्य का निरीक्षण किया गांव में प्रगतिरत आवासों का काम मौके पर देख कर उन्हें समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत, ईटखेडी छाप पहुंच कर गांव में चल रहे प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। गांव में चल रहे वृक्षारोपण कार्य, गेवियन संरचना, शेड निर्माण, श्मशान घाट आदि के कार्यो को लेकर सम्बन्धितों स्पष्ट रूप से कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में संपादित करने के लिए निर्देशित किया।

# ईओडब्ल्यू ने पूर्व बिशप पीसी सिंह के खिलाफ दर्ज किया पौने 3 करोड़ की धोखाधडी का मामला



भोपाल(ए)। पूर्व बिशप जबलपुर डायोसिस पीसी सिंह सहित अन्य के खिलाफ एनडीटीए की भूमि पर स्थापित बार्लेय स्कूल कटनी की 0.022 हेक्टेयर भूमि को रेल्वे द्वारा अधिगृहण किये जाने पर मिली 2 करोड़ 45 लाख 30 हजार 830 रुपये की रकम को एनडीटीए की बिना जानकारी के फर्जी खाता खोलकर जमा कराकर अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करने के आरोपों की जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, इकाई जबलपुर के द्वारा की गई थी। जांच में सामने आया की पॉल दुपारे चेयरमेन एनडीटीए द्वारा पूर्व बिशप पीसी सिंह को जबलपुर स्थित डायोसिस ऑफ जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में एनडीटीए की संपत्तियों को विक्रय करने तथा उन्हें देखरेख के लिये पावर ऑफ अटार्नी दी गई थी। यह उल्लेखनीय है कि एनडीटीए चेरिटी कमिश्नर नागपुर के कार्यालय में बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के अंतर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जिसमें बिना चेरिटी कमिश्नर की अनुमति के ट्रस्ट की भूमियों को विक्रय अथवा उनके बदले में मुआवजा राशि प्राप्त नही की जा सकती। पीसी सिंह द्वारा बार्लेय स्कूल कटनी की भूमि खसरा 404 / 1 रकवा 0.022 हे. जो एनडीटीए के नाम पर दर्ज थी, जिसे भारतीय रेल्वे ने अधिगृहण कर लिया था। उस जमीन के अधिग्रहण की मुआवजा राशि 2,45,30,830 रुपये एनडीटीए चेयरमेन पॉल दुपारे के साथ अपराधिक षड़यंत्र रचकर पीसी सिंह, पूर्व बिशप जबलपुर डायोसिस द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक, कूटरचित एनडीटीए का अधिकार पत्र तैयार किया और प्राप्त रकम को 16 जनवरी 2021 को एनडीटीए के द्वारा अधिकृत खातों में न हस्तांतरित कर उसे बोर्ड ऑफ एजूकेशन सीएनआई जबलपुर डायोसिस के खातें में हस्तांतरित किया जाकर 2,45,30,830 रुपये का गबन करना प्रमाणित पाया गया। जांच में अपराध प्रमाणित पाये जाने पर आरोपी भीमराव पॉल दुपारे पिता प्रभुदास दुपारे निवासी बिशप हाउस रेसीडेंसी रोड, नागपुर, चेयरमेन, नागपुर डायोसिस ट्रस्ट एसोसिएशन नागपुर और पीसी सिंह पिता स्व. बिलट सिंह, निवासी, 2131, बिशप हाउस, नेपियर टाउन, इनकम टैक्स चौराहे के पास, जबलपुर, पूर्व बिशप, बोर्ड ऑफ एजूकेशनसीएनई जबलपुर डायोसिस के खिलाफ अपरध क्रमांक 82 / 25 धारा 406, 420, 120बी भादवि के अंतर्गत दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## रौब जमाने, दहशत फैलाने के लिये कवर्ड कैंपस में घुसकर 12 बोर से किये थे हवाई फायर

### -थार जीप, 12 बोर रायफल, 3 खाली कारतूस सहित चारो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल(ए)। राजधानी के अयोध्या नगर थाना इलाके में स्थित कवर्ड शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट में हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले चारो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियो ने रौब जमाने और दहशत फैलाने कि नियत से हवाई फायर किये थे। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने जानकारी देते हुए बताया की राजीव नगर स्थित ए-सेक्टर में रहने वाले गुरुप्रसाद सचान पिता परशुराम सचान (65) निवासी राजीव नगर थाना अयोध्या नगर ने बताया की वह शीतल पैराडाईज अपार्टमेंट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। 30-31 मार्च की रात करीब तीन बजे वह कॉलोनी के मेन गेट पर निगरानी कर रहे थे। उसी समय अपार्टमेंट के सामने टनाटना ढ़ाबे की तरफ से आई एक थार आकर रुकी। उसमें तीन-चार लड़के सवार थे, जो हुड़दंग मचा रहे थे। आरोपी युवक हंगामा करते हुए अपार्टमेंट के भीतर थार लेकर घुस गए और मंदिर के सामने खड़ी करने के बाद एक-एक करके तीन बार हवाई फायर किये। हवाई फायर के बाद युवक थार में बैठकर तेजी से फरार हो गए। बाद में कॉलोनी के लोगों ने सीसीटीवी कैमरे में चैक किया तो थार का नंबर एमपी-13-जेडटी-8214 नजर आया। बाद में इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। मामला दर्ज कर पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरो के फूटेज और मुखबीर की मदद से चारो आरोपियो को दबोच लिया। आरोपियो की पहचान अनिकेत ठाकुर पिता कृष्ण कुमार ठाकुर (23) निवासी, ग्राम मनकापुर थाना भारकच्छ जिला रायसेन हाल पता रिदम पार्क बंगरसिया, मिसरोद, राज ठाकुर पिता राघवेन्द्र सिंह ठाकुर (24) निवासी बारना बस्ती बाडी थाना बाडी रायसेन हाल पता, रिदम पार्क बंगरसिया मिसरोद, अमन दुबे पिता कृष्णकांत दुबे (23) निवासी फॉर्च्यून डिवाइन सिटी मिसरोद और सजल रघुवंशी पिता देवी सिंह रघुवंशी (21) निवासी ग्राम नीगरी थाना सिलवानी जिला रायसेन हाल पता, साकेत नगर भोपाल के रुप में हुई है।

# हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल, सुगम भविष्य के लिए आज चिंतन करने की आवश्यकता है : प्रभारी मंत्री श्री पटेल

## भिण्ड में जिला योजना समिति की बैठक में दिये निर्देश




भिण्ड (ए)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री एवं भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला योजना समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार भिण्ड में की गई। विधायक भिण्ड नरेन्द्र सिंह कुशवाह, विधायक गोहद केशव देसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। मंत्री श्री पटेल ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी अभियान है। इससे पानी का भण्डारण कर आम जन मानस को पर्याप्त पेयजल की सुविधा प्रदान की जा सके। अभियान को जन प्रतिनिधियों सहित जन भागीदारी के सहयोग से वृहद रूप से संचालित करें। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोत लगातार सूख रहे हैं, हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल सुगम भविष्य के लिए आज चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा पौध-रोपण के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये कहा कि पौधे लगाना ही नहीं बल्कि पौधे को वृक्ष बनाना भी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से आने वाले बेहतर भविष्य के लिए जल संरक्षण एवं पौध-रोपण का आहवान किया। मंत्री श्री पटेल ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या निदान के लिए जिले में वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को संचालित करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक खेत, तालाब, नदी तालाबों का निर्माण कराया जाये। साथ ही सम्मानित जन प्रतिनिधिगण भी अपने-अपने क्षेत्रों के ऐसे स्थानों को चयनित कर कार्य प्रारंभ कराएं।

मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि ऐसे हैंडपंप जो खराब हो चुके हैं, पेयजल योग्य नहीं हैं, उन्हें हटाकर वर्षा का जल संरक्षण के योग्य बनाया जाए, जिससे जितना जल उस हैंडपंप के माध्यम से निकाल चुके हैं कम से कम उतना जल वर्षा जल के माध्यम से भूमि को वापस किया जा सके।

### खाद्य विभाग का अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

# इस काम के एवज में मांगी थी 10 हजार की घूस, लोकायुक्त ने की कार्रवाई

टीकमगढ़ (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला टीकमगढ़ जिले से सामने आया है। जहां लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सागर लोकायुक्त ने बल्देवगढ़ खाद्य विभाग के जेएसओ (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी) पंकज करोरिया को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं उनके साथ 2 अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। लोकायुक्त सागर के इंस्पेक्टर रंजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय सिंह ठाकुर निवासी पिपरा मडोरी जो राशन दुकान पर सेल्समैन है, इनके द्वारा 2 राशन दुकानों का आवंटन बढ़वाने के लिए आवेदन किया था।




जिसके लिये बल्देवगढ़ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पंकज करोरिया द्वारा दोनों दुकानों का आवंटन बढ़ाने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। जिसकी पीड़ित विजय सिंह ठाकुर द्वारा सागर लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद आज सागर लोकायुक्त ने खाद्य विभाग के जेएसओ पंकज करोरिया को10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। वहीं सूत्रों से मिलीं जानकारी अनुसार जेएसओ पंकज करोसिया के खिलाफ पूर्व से 3 जांचे लंबित थी, जिन्हें हाइकोर्ट द्वारा अपने आदेश मे स्पष्ट किया गया था कि इन्हें कहीं भी जेएसओ का चार्ज नही दिया जाए, इसके बावजूद भी जिले के अधिकारियों द्वारा इन्हें जेएसओ का चार्ज दिया गया था।

# नौकरी का लालच देकर दुष्कर्म : भोपाल से इंदौर लेकर आया, होटल में नशीला जूस देकर किया बेहोश, फिर बुझाई हवस की प्यास



इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर में भोपाल की रहने वाली एक युवती के साथ रेप का मामला सामने आया है। नौकरी दिलाने के नाम पर होटल के कमरे में ले गया। जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया फिर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

यह पूरा मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि राजधानी भोपाल के रहने वाली युवती ने शिकायत की है। जिसमें बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से नौकरी की तलाश में थी। इस दौरान सुंदर सिंह नामक व्यक्ति से संपर्क हुआ था। जिसने कॉल सेंटर में नौकरी लगने का झांसा दिया और फिर कार से भोपाल से इंदौर लेकर आया था। इंदौर के एक होटल में किराए पर कमरा लेकर युवती को रुकवाया। युवती ने बताया कि एक दिन सुंदर सिंह ने जूस में नशीला पदार्थ पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। फिर उसके साथ गलत हरकत की। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के अनुसार विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की हड़ताल: 21 अप्रैल तक काली पट्टी बांधकर करेंगे काम, दो दशकों से प्रमोशन नहीं होने पर जताया विरोध

जबलपु(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रदेश स्तर पर काली पट्टी बांध कर शांति हड़ताल शुरू कर दी है। दो दशकों से प्रमोशन नहीं होने से कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों विरोध कर रहे हैं। कृषि विभाग सहायक संचालक कीर्ति वर्मा ने कहा कि, ये हड़ताल 21 अप्रैल तक चलेगा।

यह है मामला

कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पिछले दो दशकों से प्रमोशन नहीं होने के विरोध में प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू कर दी है। यह विरोध काली पट्टी बांधकर किया जा रहा है, ताकि प्रदेश सरकार तक उनकी बात पहुंच सके। यह हड़ताल 21 अप्रैल तक जारी रहेगी और इसके बाद अधिकारी अपनी अगली रणनीति तय करेंगे। इस दौरान कृषि विभाग के सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपना काम कर रहे हैं।कृषि विभाग सहायक संचालक कीर्ति वर्मा ने कहा कि, कृषि विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी काली पट्टी बांधकर एक सांकेतिक प्रदर्शन किया। जिसमें इतने वर्ष होने के बाद भी शासन ने आज तक प्रमोशन नहीं किया। जिसे लेकर काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। यह प्रदर्शन आज से 21 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें हर दिन काली पट्टी बांधकर काम किया जाएगा।

# गुना में बनेगा आधुनिक गो-अभयारण्य और अनुसंधान केंद्रः केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया भूमिपूजन, कैंसर के इलाज के लिए बनेगी औषधि

गुना (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार देर रात गुना पहुंचे और बुधवार सुबह सर्किट हाउस में आम नागरिकों से मुलाकात की। इसके बाद वे खड़ेश्वरी आश्रम के पास स्थित ग्राम पांज पहुंचे, जहां उन्होंने 44 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला और गौ अभयारण्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता की पूजा कर आरती की और गुड़ खिलाया। इस परियोजना के अंतर्गत एक अनुसंधान केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें लगभग 5,000 गायों को आश्रय मिलेगा। समिति के पास ग्राम पांज में 140 बीघा स्वामित्व की भूमि उपलब्ध है, जिस पर यह परियोजना विकसित की जा रही है।परियोजना का उद्देश्य



बेसहारा गायों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जिले की सड़कों पर घूम रही भूखी, प्यासी, बीमार और घायल बेसहारा गायों को सुरक्षित स्थान और उचित चिकित्सा उपलब्ध कराना है। गौशाला में अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय भी बनाया जाएगा, जहां घायल और बीमार गायों की संवेदनशीलता से चिकित्सा की जाएगी। परियोजना के तहत गोवंश से प्राप्त पंचगव्य से औषधियों का निर्माण किया जाएगा, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में उपयोगी होंगी। इसके अलावा जैविक खाद, कीटनाशक, और जैविक बीज उपचार जैसे उत्पाद भी बनाए जाएंगे। पंचगव्य आधारित चिकित्सा, गोपालन और गोवंश चिकित्सा पर अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए 500 प्रशिक्षणार्थियों की क्षमता वाला आवासीय प्रशिक्षण केंद्र भी प्रस्तावित है।

## व्यापार समाचार

# बढ़ती महंगाई में राहत : आरबीआई ने लगातार दूसरी बार घटाई ब्याज दर, सस्ता हुआ होम-कार लोन




मुंबई (आरएनएस) । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति का ऐलान किया है। आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट को 25 आधार अंक कम करके 6 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 6.25 प्रतिशत थी। 2025 में यह लगातार दूसरा मौका है, जब केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट को कटौती है। इससे पहले फरवरी में आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट 25 आधार अंक घटाया था। रेपो रेट में कमी का सीधा असर होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन समेत सभी प्रकार के लोन की ब्याज दरों पर होता है। इस फैसले से आम आदमी को राहत मिलेगी।

इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के रुख को 'न्यूट्रल' से बदलकर 'अकोमोडेटिव' कर दिया है। अकोमोडेटिव का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आने वाले समय में मौद्रिक नीति का नरम रुख जारी रख सकता है। आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 26 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 20 आधार अंक कम कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

केंद्रीय बैंक के मुताबिक, जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई गवर्नर के मुताबकि, वित्त वर्ष 26 में महंगाई दर 4 प्रतिशत पर रह सकती है। यह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशथ और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मौजूदा समय में महंगाई लक्ष्य के नीचे बनी हुई है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट आना है। उन्होंने आगे कहा, अगले साल महंगाई दर आरबीआई के लक्ष्य 4 प्रतिशत के अनुरूप रह सकती है। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि देश में निवेश गतिविधियों में तेजी जारी है। मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में बढ़त देखने को मिल रही है। साथ ही बताया कि शहरी खपत में भी बढ़त देखी जा रही है।

# रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 47 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.71 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपये की कमजोर शुरुआत हुई और रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 85.89 पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.89 पर खुला और शुरुआती कारोबार के दौरान थोड़ा बढ़कर 5.83 पर पहुंच गया, ये पिछले बंद भाव के स्तर से 7 पैसे कम है।वैश्विक स्तर पर शुल्क युद्ध बढ़ने से विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपया गत दिवस शुरुआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 85.83 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से घरेलू मुद्रा में और गिरावट आई, हालांकि कमजोर अमेरिकी मुद्रा तथा घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत सुधार से इसे कुछ सहारा मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.89 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार के दौरान थोड़ा मजबूत होकर 85.83 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.76 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ 102.73 पर रहा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 380 अंक , निफ्टी 136 अंक नीचे आया

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने की समयसीमा करीब आने के साथ ही बाजार में घबराहट का माहौल रहा। इसका भारतीय बाजार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बाजार की गिरावट रोकने के लिए रीपो रेट में 0.25 फीसदी की कमी की पर उससे कोई प्रभाव नहीं हुआ।, ट्रंप के दवा क्षेत्र पर भी टैरिफ की घोष्णा के बाद से ही दवा कंपनियों के शेयरों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 379.93 अंक करीब 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ ही 73,847.15 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 136.70 अंक तकरीबन 0.61फीसदी टूटकर 22,399.15 पर बंद हुआ।

आरबीबाई ने नीतिगत दर रीपो रेट को 0.25 फीसदी से कम कर 6.0 फीसदी करने की घोषणा की। अमेरिका के टैरिफ लगाने के




कारण आर्थिक क्षेत्र में संशय बढ़ गया था। ऐसे में पहले ही ब्याज दरों को घटाये जाने की उम्मीद थी।वहीं अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक विवाद अब और बढ़ सकता है। इसका कारण अमेरिका के चीन पर 104 फीसदी टैरिफ लगाने को बताया गया है।

वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजारों से बिकवाली लगातार जारी है। विदेशी निवेशकों ने 8 अप्रैल को 4,994.24 करोड़ रुपये मूल्य के भारतीय शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस को 3,097.24 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।वहीं इससे पहले मंगलवार के ट्रेडिंग सेशन में इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी जैसे भारी भरकम स्टॉक्स में जोरदार तेजी से बाजार में शानदार रिकवरी देखने को मिली थी।

# भारत की डेटा सेंटर क्षमता 2027 तक 77 प्रतिशत बढ़कर 1.8 गीगावाट तक पहुंचने की राह पर

मुंबई (आरएनएस) । भारत का डेटा सेंटर उद्योग मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है, जिसकी क्षमता 2027 तक 77 प्रतिशत बढ़कर 1.8 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी बुधवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। डेटा सेंटर उद्योग में यह मजबूत विस्तार 2024 में 1 गीगावाट के मील के पत्थर को पार करने के बाद हुआ है। उद्योग 2019 से 24 प्रतिशत सीएजीआर का मजबूत प्रदर्शन कर रहा है।जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स की मांग और तेजी से बढ़ते एआई क्षेत्र द्वारा संचालित यह वृद्धि भारत को ग्लोबल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के परिदृश्य में एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित करती है।मुंबई भारत के डेटा सेंटर बाजार में एक लीडर के रूप में उभरा है, जो देश की कुल क्षमता का 52 प्रतिशत हिस्सा रखता है।यह प्रभुत्व भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में मुंबई की महत्वपूर्ण भूमिका और देश के डेटा हब के रूप में इसकी स्थिति को उजागर करता है।इसी क्रम में मुंबई के बाद चेन्नई दूसरे स्थान पर है, जहां भारत की डेटा सेंटर क्षमता का 21 प्रतिशत हिस्सा है।दिलचस्प बात यह है कि बेंगलुरु जिसे भारत की सिलिकॉन वैली कहा जाता है और हैदराबाद जैसे स्थापित टेक हब में देश की डेटा सेंटर क्षमता का 7-7 प्रतिशत हिस्सा है।जेएलएल के एपीएसी लीड (डेटा सेंटर कोलोकेशन लीजिंग) रचित मोहन ने कहा, भारत एआई मिशन सभी क्षेत्रों में एआई अपनाने को बढ़ावा देगा, जो 1 ट्रिलियन डॉलर डिजिटल अर्थव्यवस्था लक्ष्य में योगदान देगा।



# सोने और चांदी में उछाल

नई दिल्ली (ए)। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया। इन दोनो की ही वायदा कीमतों में तेजी रही। सोने के वायदा भाव 88,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 89,000 रुपये के करीब बने हुए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव बुधवार में सुबह मजबूती आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध बुधवार को 350 रुपये की बढ़त के साथ 87,998 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 87,648 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 669 रुपये की बढ़त के साथ 88,317 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 88,396 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 87,998 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस महीने 91,423 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे थे।इसके अलावा चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी बढ़त पर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध बुधवार को 261 रुपये की बढ़त के साथ ही 89,005 रुपये पर खुला।

# कंपोनेंट पीएलआई से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को मिलेगा बढ़ावा, नौकरियां होंगी सृजित



नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त वर्ष 2025 में स्मार्टफोन निर्यात 2 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया, जिसमें अकेले आईफोन का हिस्सा लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा। आईटी मंत्रालय ने 22,919 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) को अधिसूचित किया है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए ग्लोबल हब के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम का नोटिफिकेशन कैबिनेट के फैसले के क्रम में है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार हमेशा खुले विचारों वाली, परामर्शदात्री और समावेशी रही है। हम किसी भी कानून या नीति को अंतिम रूप देने से पहले सभी के विचारों को ध्यान में रखते हैं।

पिछले एक दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में पांच गुना और निर्यात में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, जिसमें निर्यात सीएजीआर 20 प्रतिशत से अधिक और उत्पादन सीएजीआर 17 प्रतिशत से अधिक है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, थोड़े ही समय में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम, जिसमें कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरर्स और विविध प्रकार के खिलाड़ी शामिल हैं, काफी विकसित हो गया है। आज, 400 से अधिक उत्पादन इकाइयां हैं, जिनमें बड़ी और छोटी दोनों तरह की इकाइयां हैं, जो विभिन्न प्रकार के कंपोनेंट का निर्माण करती हैं। वैश्विक उद्योग के रुझानों को दर्शाते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की यात्रा अलग-अलग चरणों से गुजरी है। यह तैयार माल से शुरू होकर सब-असेंबली तक आगे बढ़ते हुए और अब डीप कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग के महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रही है।

# सरकार ने कर दिया बड़ा ऐलान, ईपीएफओ से जुड़े कर्मचारियों के लिए आई खुशखबरी

नई दिल्ली, (आरएनएस) । सरकार ने ईपीएफओ के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान करारकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) और उससे जुड़ी सेवाएं हासिल कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने बिहार के छह जिलों जिनमें अररिया, सहरसा, औरंगाबाद, बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज शामिल हैं, में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत पूर्ण रूप से अधिसूचित करने की भी घोषणा की। इससे लगभग 24,000 अतिरिक्त लोग ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आ सकेंगे। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने चेहरे के प्रमाणीकरण का उपयोग करके यूएएन आवंटन और उसे एक्टिवेट करने के लिए उन्नत डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं। करोड़ों ईपीएफओ सदस्यों को संपर्क रहित, सुरक्षित और पूरी तरह से डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**


## हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का औरंगजेब की कब्र से संबंधित बयान महत्त्वपूर्ण है और इसके विशिष्ट मायने भी हैं। उन्होंने कहा है कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी विवाद को उठाने की जबरिया कोशिश को निर्थक बताते हुए कहा है कि औरंगजेब की कब्र एक संरक्षित स्मारक है इसलिए इसे तोड़ने या हटाने का कोई अचित नहीं है, लेकिन औरंगजेब जैसे संप्रदायवादी कट्टर शासक का महिमामंडन सहन नहीं किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं है।अगर संघ प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता की ओर से इस तरह के बयान आते हैं तो वे अकारण नहीं है। संघ एक संजीदा, लक्ष्य बद्ध और दूरगामी संकल्पों वाला हिन्दू संगठन है जिसकी कार्यप्रणाली और वैचारिक अभिव्यक्ति में उच्छृंखलता, अभद्रता या मर्यादाविहीनता लक्षित नहीं होते। उसकी निष्ठा हिन्दुओं को विशेष लक्ष्य के प्रति सचेत बनाकर संगठनबद्ध करके भारतीय राष्ट्र के उस सांस्कृतिक ढांचे में डालना है जिसे वह राजनीतिक तौर पर भारतीय संस्कृति के नाम से अभिहित करता है।

उसका एक बड़ा लक्ष्य भारतीय हिन्दुओं को क्षुद्र मतभेद भुलाकर विराट हिन्दू जाति के रूप में संगठित करना है जिससे उसे वांछित राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, लेकिन जब हिन्दुओं को संघ से इतर संगठन जिन्हें प्राय: संघ का अनुषांगिक संगठन कहा जाता है, अप्रत्याशित घटनाओं को अंजाम देते हैं, अनावश्यक विभाग खड़ा करते हैं। यानी नफरती बयान देते हैं तो ये तत्काल ही संघ की बदनामी का कारण बन जाते हैं और संघ की आलोचनाओं के घेरे में आ जाता है जिससे उसके भविष्यगामी उद्देश्य में बाधा पहुंचती है। इसलिए संघ चाहता है कि हिन्दू संगठन या हिन्दू समूह ऐसे विवादों को जन्म न दें जिससे सामाजिक या सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ता हो, कानूनी संकट खड़ा होता हो और इन्हें लेकर संघ या भाजपा को सफाई देनी पड़ती हो। संघ इसीलिए समय-समय पर फुटकर हिन्दू समूहों की आलोचना करता है। वैसे भी यह संघ की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस तरह के समूहों को नियंत्रण में रखे और उन्हें कानून-व्यवस्था विरोधी तत्वों के रूप में उभरने न दे।

# विश्व बंधुत्व का संदेश भगवान महावीर के सिद्धांत

**डॉ संध्या जैन श्रुति**



( महावीर जयंती पर विशेष )

भगवान महावीर ने अपने सिद्धांतों में जीवनादर्श को प्रश्रय दिया, जैन धर्म महावीर के काल से सर्वाधिक प्रासंगिक व प्रचलित माना जाता है।

अन्याय, असत्य, हिंसा की कड़कती बिजलियों के मध्य अहिंसा के सूर्य ने दस्तक दी, अपनी तप्त रश्मियों से विश्व शांति, अहिंसा, मैत्री का प्रकाश फैलाकर तमाच्छादित वसुधा को आलोकित कर दिया, युग - युग से अभिशप्त धरा को पावनता का वरदान मिला, गगनचुंबी शिखरों से अहिंसा परमो धर्मकी भावभीनी स्वर लहरिया गूँजकर सुख -शांति की निर्झरणी बहाने लगी, जियो और जीने दो का शंखनाद करने वाले इस महामानव का नाम था महावीर। महावीर का धर्म जोड़ना सिखाता है, वह आत्मा की प्रयोगशाला में अनुसंधान करके ही किसी तथ्य को स्वीकार करता है। महावीर भारतीय समाज व्यवस्था की उस घड़ी में अवतरित हुए जब समाज व संप्रदाय हिंसा के दौर से गुजर रहे थे। अश्वमेध, नरमेध की बलि बेदी पर संहार राजघराने के राजकुमार वर्धमान को सहन नहीं हुआ, तब महावीर अहिंसा को आत्म कल्याण का हेतु बनाकर, अरबों की संपत्ति त्याग कर, प्राणी जगत का कल्याण करने निकल पड़े।

### अहिंसा

अहिंसा का अर्थ है क्षमा, शांति, प्रेम पूर्वक रहना । महावीर ने विश्व मैत्री व मानवता का संदेश दिया जिसकी वर्तमान में बहुत आवश्यकता है। आज मनुष्य जरा सी बात पर हत्या जैसे जघन्य अपराध से भी नहीं डरता तभी तो भगवान महावीर ने कहा अपने प्राणों के समान सभी के प्राणों को समझ कर उनकी रक्षा करो यही अहिंसा है उन्होंने अहिंसा को तप और साधना कहा अहिंसा का यह तत्व सह अस्तित्व की नूतन सामाजिक विचारधारा का सोपान है, जिस पर पारस्परिक निर्भरता के साथ व्यक्ति, समाज और राष्ट्र विकसित होता है

### जियो और जीने दो

भगवान महावीर कहते थे मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है परमाणु शक्ति से ज्यादा कारगर मन की शक्ति होती है संग्राम में विजयी योद्धा सच्चा विजयी नहीं है जो स्वयं पर विजय पाता है वह परम विजयी है-

सादा जीवन, उच्च विचार
विनय नम्रता का श्रृंगार
जियो और जीने दो नारा
होवे जीवन का आधार।

बारह वर्ष के कठोर तपश्चरण उपरांत करुणामयी वाणी से उन्होंने जन चेतना को जागृत कर समाज में फैली हिंसा, अराजकता, अधर्म के विरुद्ध ऐसा वातावरण बनाया जिससे लोगों का हृदय परिवर्तित होने लगा।

अनेकांत

उस समय की निराधार मान्यताओं में महावीर ने वैचारिक क्रांति का सूत्रपात किया, विश्व के समक्ष अत्यंत मौलिक सिद्धांत अनेकांत का प्रतिपादन किया सहअस्तित्व की भावना।

**अपरिग्रह**

इच्छाएँ अनंत आकाश की तरह हैं जिन पर नियंत्रण आवश्यक है महावीर ने अर्जन के साथ विसर्जन का सूत्र दिया कहा -जिस समाज के पास विलासिता के अपरिमित साधन हों पर कोई उन्नत, आध्यात्मिक लक्ष्य ना हो तो वह समाज प्राण रहित सुंदर शरीर के समान है। महावीर के आप परिग्रह दर्शन का ही फल है व्यवहारिक समाजवाद यह आर्थिक क्षमता स्थापित कर वर्ग संघर्ष और वेमनस्यता का निराकरण करता है लालसाओं पर नियंत्रण आवश्यक है संग्रहवृत्ति जीवन को पत नोन्मुखी बनाती है और अपरिग्रह जीवन को शांति और सुकून प्रदान करता है।

**स्वतंत्रता**

महावीर ने पूर्ण स्वतंत्रता की सीख दी थी व्यक्ति स्वतंत्र रहकर स्वयं को पहचाने, आत्म शक्ति को जाने लोकतंत्र का आधार जनता की शक्ति है धार्मिक, सांस्कृतिक, व्यक्तिगत स्वतंत्रता आवश्यक है।

**समानता**

आत्मवत् सर्वभूतेषु के सिद्धांत अनुसार जड़, स्थावर, वनस्पति, त्रियंच सभी समान हैं महावीर ने साम्यवाद का उद्घोष किया जो आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है।

**स्यादवाद ( सापेक्षता )**

सापेक्षता अर्थात किसी वस्तु के सभी पक्षों को देखना,व्यापक दृष्टिकोण स्थापित कर एकता, समन्वय, सद्भाव से जीवन की सफलता का सूत्र दिया स्यादवाद अभिव्यक्ति शैली है जिसे सात प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है उसे ही महावीर ने सप्तभंगी कहा स्याद अस्ति, स्याद नास्ति, स्याद अस्ति नास्ति, स्याद अवक्तव्यम्, स्याद अस्ति अवक्तव्यम, । महावीर ने विश्व के समक्ष इस मौलिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया जो दृष्टि और दृष्टिकोण को समझने में अति उपयोगी है

आत्मानुशासन

अपने आप पर नियंत्रण -शरीर, मन, वाणी और सभी इंद्रियों पर संयम रख तप निग्रह द्वारा अनुशासित होना। महावीर का कहना था दूसरों पर शासन मत करो, न स्वयं गुलामी स्वीकार करो ना दूसरों पर गुलामी लादो। आत्म अनुशासन से जीवन स्वयं प्रकाशित होता है

विश्व बंधुत्व

वसुधैव कुटुंबकम् के आदर्श का बहुत ही सुंदर प्रतिपादन महावीर ने किया संसार के प्रत्येक प्राणी, जीव जंतु के प्रति समता भाव किसी से द्वेष नहीं, वे सबसे क्षमा प्रार्थी थे-

खामेभी सब्बजीबे, सव्वे जीवा खमंतु मे
मित्ती में सब्ब भू एसु,वैरं मज्झ न केणई।

भगवान महावीर का यह विश्व बंधुत्व का संदेश राष्ट्रीयता, एकता व लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक तत्व है प्रगति सदैव सद्भावों से होती है ।महावीर के सिद्धांत वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वह प्रकाशमय सूर्य है जो सारे जगत को आलोकित कर देता है।

रत्नत्रय

भगवान महावीर न्याय और दर्शन के प्रणेता थे, उनका रत्नत्रय सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान व सम्यक चारित्र अंधपरंपरा, रूढ़िवादिता, कर्मकांड आदि को छोड़कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकास किया जाए । परीक्षण, निरीक्षण एवं स्वविवेक से प्रत्येक वस्तु को जानकर व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ सतत जागरूकता से आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं और वर्तमान समस्याओं का सम्यक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।

समग्रता

महावीर का धर्म समग्र है घर, मंदिर, व्यवसाय, चर्या में किए कर्म में ही धर्म छुपा है जो कुछ करो वह विवेक पूर्ण हो महावीर अविभाज्य व्यक्तित्व चाहते थे।

महावीर के उपदेशों को जब तक हम अपने आंतरिक जीवन में नहीं उतारेंगे तब तक व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र व विश्व का उद्धार नहीं होगा हम महावीर के सिद्धांतों को जन-जन में प्रचारित करें और स्वयं में उतारें तभी कल्याण हो सकता है भगवान महावीर के आदर्श हमारी आज की समस्याओं का सम्यक समाधान प्रस्तुत करते हैं

पावन होती धरा जहाँ से
धर्म का पंथ निकलता है
दया, प्रेम, करुणा समता से
महावीर का युग चलता है

महावीर के सिद्धांत शाश्वत हैं, जो आज भी तरोताजा हैं, ये आज कीआवश्यकता हैं, विश्व में व्याप्त विषमताओं, समस्याओं, भय,व त्रासदियों को महावीर के सिद्धांतों पर चलकर ही दूर किया जा सकता है ।

महावीर के सिद्धांतों को
आओ हम सब अपनायें
सत्य, अहिंसा, दया, प्रेम से
जीवन अपना सफल बनायें।



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने नई दिल्ली में युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे से मुलाकात की।

# वन क्षेत्र में अतिक्रमण: खतरनाक संकेत

**संदीप कुलश्रेष्ठ**

देश के 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय को सौंपी गई जानकारी में बताया है कि 13,056 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र पर अतिक्रमण हो गया है। इसमें खास बात यह है कि 10 राज्यों ने अभी तक आँकड़े ही नहीं दिए है। इन 10 राज्यों में भी वन क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को अनुमानित रूप से मान ले तो करीब 15 हजार वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र से अधिक पर अतिक्रमण हो गया है। वन क्षेत्र में अतिक्रमण देश में पर्यावरण की दृष्टि से खतरनाक संकेत हैं।

**दिल्ली के क्षेत्रफल से 5 गुना क्षेत्र में हुआ अतिक्रमण**

25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के ही आँकड़े को माने तो जो अतिक्रमण हुआ है, वह अतिक्रमण दिल्ली के क्षेत्रफल से भी 5 गुना ज्यादा है। इसे इस तरह भी कहा जा सकता है कि अभी जो अतिक्रमण के आँकड़े आए हैं, वह दिल्ली, सिक्किम और गोवा के कुल क्षेत्रफल से भी अधिक है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने एक खबर पर स्वत: संज्ञान लिया था जिसमें सरकारी आँकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया था कि भारत में 7,50,648 हेक्टेयर वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन है।

**10 राज्यों ने नहीं दिए आँकड़े**

अभी तक 10 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने वन क्षेत्रों में हुए अतिक्रमण पर आँकड़ें ही नहीं दिए हैं। जिन राज्यों ने यह आँकड़े नहीं दिए उनके नाम है बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, नागालैंड, दिल्ली, जम्मू कश्मीर और लद्दाख। इन 10 राज्यों में वन क्षेत्र पर हुए अतिक्रमण के जो भी आँकड़े प्राप्त होंगे, वह और भी चिंताजनक ही होंगे।

**मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा अतिक्रमण**

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय को अभी तक प्राप्त आँकड़ों के अनुसार वन क्षेत्र पर हुए अतिक्रमण में मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा अतिक्रमण हुआ है। इस राज्य में 5460.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया है। दूसरे स्थान पर असम है। इस राज्य में 3620.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया। कर्नाटक में 863.08 वर्ग किलोमीटर, महाराष्ट्र में 575.54 वर्ग किलोमीटर और अरूणाचल प्रदेश में 534.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया। उक्त 5 राज्यों में सर्वाधिक वन क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया है।

**विशेष प्रयास की है जरूरत**

देश के वन क्षेत्रों में अतिक्रमण के आँकड़े अत्यन्त दुखद और चिंताजनक हैं। यह सब जानते हैं कि वन क्षेत्र में कमी होना हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है। इस पर तुरंत रोक लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को सम्मिलित रूप से प्रयास करने की जरूरत है। इसके साथ ही यह भी देखा जाना जरूरी है कि भविष्य में और अधिक वन क्षेत्र में अतिक्रमण न होने पाए।

## प्राकृतिक आपदाओं के समक्ष मनुष्य बेबस

**योगेश कुमार गोयल**

म्यांमार में 28 मार्च को रिक्टर स्केल पर आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे भीषण भूकंप बताया गया।यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे द्वारा मौतों का आंकड़ा 10 हजार से भी ज्यादा होने की आशंका जताई गई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण म्यांमार की दुर्दशा को देखते हुए भारत में भी लोगों के मन में सवाल उमड़ रहे हैं कि कहीं देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार कांपती धरती किसी बड़ी तबाही का सिग्नल तो नहीं है। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के एक अध्ययन में बताया जा चुका है कि 20 भारतीय शहरों तथा कस्बों में भूकंप का खतरा सर्वाधिक है, जिनमें दिल्ली सहित नौ राज्यों की राजधानियां भी शामिल हैं। हिमालयी पर्वत श्रृंखला क्षेत्र को दुनिया में भूकंप के मामले में सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन तथा सोहना फॉल्ट लाइन मौजूद है। जहां फॉल्ट लाइन होती है, भूकंप का अधिकेंद्र वहीं बनता है। बड़े भूकंप फॉल्ट लाइन के किनारे ही आते हैं, और दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरी हिमालयन बेल्ट को भूकंप से ज्यादा खतरा है।




मेष राशि: आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते हैं। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

वृष राशि: आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छे ऑफर्स मिलेंगे और अधिक से अधिक लाभ होगा। इस राशि की महिलाओं को आज बिजनेस में अच्छा लाभ मिलेगा और वह आज अपने बिजनेस को काफी विस्तृत करेंगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही बढ़ेगी। बिजनेस साझेदार के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। सेहत के हिसाब से आज आप खुद को फ्रेश फील करेंगे। नवविवाहित दम्पति आज मंदिर भगवान के दर्शन के लिये जायेंगे, भगवान से अपने रिश्ते के लिए प्रार्थना करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है। आज का दिन माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नया पद मिलेगा। आज आप दूसरों की समस्याओं निवारण करेंगे। आज आप नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें।

सिंह राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नज़र आएंगे। मित्र को उसके जीवन में चल रही समस्याओं से बचने के लिए आप उसको सलाह देंगे जिससे उसका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। अगर आप नया व्यापार शुरू करना चाहते है तो किसी अनुभवी से सलाह अवश्य ले लें।

कन्या राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। फुटबॉल खेल रही महिलाओं को आज शानदार जीत मिलेगी, जिससे उनको अवार्ड दिया जायेगा। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा।

तुला राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। आप नए काम पर सोच विचार कर सकते है जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी। जीवनसाथी आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपसी रिश्ता मज़बूत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। बच्चे अपने जरुरत का सामान आपसे मांग सकते है।

वृश्चिक राशि: आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिन के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा। आज आप बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे। लेखकों को आज उनके किसी कविता के लिए सम्मानित किया जायेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित लिया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्तों में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा। पौष्टिक भोजन करे जिससे आपकी सेहत में सुधार होगा। घुटनों सम्बन्धी समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर से दिखायेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी, लेकिन आप इनसे निपटने में सफल होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा, जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। आज आप नया वाहन लेने का विचार करेंगे। ज्वेलरी शॉप वालो की आज अधिक सेल होगी और अधिक लाभ होगा। माता जी आपके काम में हेल्प करेंगी आपको काफी आराम रहेगा। कुछ लोग आज आपसे ज्यादा हेल्प की उम्मीद रखेंगे, आप हेल्प करके उम्मीद को कायम करेंगे।

मीन राशि: आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आज आप बिजी रहेंगे, जिससे घर देर से पहुंचेंगे। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रेशन लोगों पर साफ दिखेगा।

# देश में हिंसा के एक ही पैटर्न

**अवधेश कुमार**



नागपुर की हिंसा ने फिर पूरे देश को भयभीत किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का वक्तव्य था कि सीसीटीवी फुटेज से 104 दंगाइयों की पहचान हो गई है, नष्ट की गई संपत्तियों की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी और वे जुर्माना नहीं देते तो उनकी संपत्ति जब्त कर उससे क्षतिपूर्ति होगी। वास्तव में 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोड़फोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना पहले से ही संकेत दे रहे थे कि हमले सुनियोजित थे।

विधानसभा में मुख्यमंत्री फडणवीस ने बयान भी दिया था कि यह सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन, सीसीटीवी फुटेज और हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि हिंसा तात्कालिक गुस्से की परिणति नहीं, शत-प्रतिशत सुनियोजित थी। तत्कालिक गुस्से में छिटपुट हल्की-फुल्की हिंसा हो सकती है। चेहरे ढंके नकाबपोश हमला करने किसी घटना से त्वरित गुस्से में नहीं दिख सकते। उतनी संख्या में पत्थर कहां से आएंगे? पेट्रोल बम अचानक कैसे तैयार हो गया? विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान पहले से था। इनने छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक कब्र और पुतला जलाया। इसके समानांतर क्या हो रहा था? माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शहर अध्यक्ष फहीम अहमद 50-60 लोगों को लेकर गणोशपेठ पुलिस थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर कलमा लिख कर जलाया जा रहा है।

पुलिस ने उसकी शिकायत पर विहिप और बजरंग दल के आठ लोगों पर मामला भी दर्ज किया। बावजूद सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई हैं, लोगों के घर से निकलने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है, जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। उसके बाद फहीम खान थाने से आकर 400-500 लोगों, जिनके हाथों में हथियार थे, को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक यानी धरना स्थल पर पहुंच गया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भीड़ भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगाने लगी। प्रदर्शनकारियों में शामिल 400-500 लोग कुल्हाड़ियों, पत्थरों, लाठी, रॉड और अन्य ऐसी सामग्रियों को लहरा रहे थे। इसी दौरान भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई। सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठा कर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। महिला पुलिस के कपड़े उतारने की कोशिश की गई। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। देखते-देखते महल, कोतवाली, गणोशपेठ और चिटिनस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों से हिंसा की सूचना आने लगी।

यहां कुछ और सच्चाई को सामने लाना आवश्यक है। नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी, गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुरानी बाइक एवं ऑटो स्पेयरपार्ट्स की हैं। सभी दुकानें एक समुदाय की हैं। आश्चर्यजनक रूप से सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद थीं।

मोबिनपुरा में सामान्यतया 150 गाड़ियां खड़ी रहती थीं। एक गाड़ी नहीं थी वहां। क्या यह बिना योजना के संभव है? फिर केवल हिन्दू घर एवं दुकान ही हिंसा के शिकार थे। पत्थरबाजी में घायल नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम ने कहा कि एक घर में कुछ लोग छिप कर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई छतों से पत्थर फेंके जा रहे थे। पत्थर छत पर कैसे पहुंचे, कुछ तो प्लानिंग थी। वाकई इतने घरों में पत्थर पैदा नहीं हो गए। साफ है कि पत्थर पहले से तैयार करके रखे गए थे।

साफ दिखती सुनियोजित हिंसा पर हो रही राजनीति भी डराने वाली है। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट न बोला जाए तो परिणाम विनाशकारी होंगे। कोई किसी विषय पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है तो उसे मजहब के विरु द्ध प्रचारित करने का अर्थ क्या है? कलमा लिखे हरे चादर जलाए ही नहीं गए। इस तरह के झूठ फैलाने वाले लोगों को इस्लाम के नाम पर भड़का रहे थे। 60 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बंद किए गए हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस दोषियों को सजा दिलाने का जैसा संकल्प दिखा रहे हैं, उस पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। लेकिन क्या इस मामले में दंड दिलाना ही पर्याप्त है? वैसे इस मामले में भी न्यायालय में बड़े-बड़े वकील संगठित होकर कितनी बाधाएं खड़ी करेंगे इसका अंदाजा हम सबको है। विचार करने वाली बात है कि पूरे देश में जगह-जगह इस तरह की हिंसा का एक ही पैटर्न देखा जा रहा है। इतने ईट-पत्थर, पेट्रोल बम आदि तत्काल पैदा नहीं हो सकते। पूरी तैयारी करनी होती है। हाल में महू, संभल से लेकर नागपुर तक देखिए, आपको मोटा-मोटी एक ही तरह का पैटर्न दिखेगा। औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग से इतनी संख्या में किसी समुदाय के लोगों के अंदर गुस्सा पैदा होने का कारण क्या हो सकता है?

औरंगजेब जैसे आततायी, धर्मांध, बुरे शासक के लिए उसकी मृत्यु के 300 से ज्यादा वर्षो बाद अगर लोग उसे इस्लाम का अच्छा सेवक या मजहब के रूप में अपनी प्रेरणा मानते हुए जान देने और लेने तक पर उतारू हैं तो यह भारत की दृष्टि से सामान्य खतरे का संकेत नहीं है। देख लीजिए, केवल औरंगजेब नहीं, महमूद गजनवी और उसके भांजे सालार मसूद तक के प्रति इतना समर्थन कैसे कि उन पर प्रश्न उठाने के विरु द्ध खुलेआम बयानबाजी और हिंसा हो रही है। इसका मतलब तो यह हुआ कि कल कोई नादिर शाह और अहमदशाह अब्दाली को भी इस्लाम का ध्वजवाहक मान कर उनका महिमा मंडन करेगा और विरोध करने वालों के विरु द्ध हिंसा करेगा। जरा सोचिए, आज जो जनरल डायर, लॉर्ड क्लाइव आदि के पक्ष में खड़ा होंगे उन्हें हम आप क्या मानेंगे?



# पीएम मोदी ने किया 'नवकार महामंत्र' का जाप, 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि बने साक्षी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्वेत वस्त्र में पीएम मोदी नवकार महामंत्र का जाप करते दिखे। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बने।दरअसल, नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास करता है। अहिंसा, विनम्रता और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों पर आधारित यह मंत्र प्रबुद्ध व्यक्तियों के गुणों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है और आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। यह दिवस सभी व्यक्तियों को आत्म-शुद्धि, सहिष्णुता और सामूहिक कल्याण के मूल्यों पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे पहले पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर लोगों से नवकार महामंत्र का जाप करने की अपील की थी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आइए, सब मिलकर प्रात: 8:27 बजे नवकार महामंत्र का जाप करें। णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं। प्रत्येक आवाज शांति, शक्ति और सद्भाव लाए। हम सब भाईचारे और एकजुटता की भावना को बढ़ाने के लिए एक साथ आएं। इसके अलावा, केंद्रीय पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा था, णमो अरिहंताणं नवकार महामंत्र जैन धर्म के सबसे पावन मंत्रों में से एक है जो आध्यात्मिकता, विनम्रता, भाईचारे और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित है। यह मंत्र मन की शांति और आंतरिक संतुलन का माध्यम है। महावीर जयंती से एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में नवकार महामंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बनेंगे। आइए, हम सभी इस पावन अवसर पर नवकार मंत्र का जाप करते हुए पूरे विश्व में शांति, एकता और आध्यात्मिक जागरण का संदेश फैलाएं।

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की नातिन की हत्या, पति ने सीने में मारी गोली

गया (आरएनएस)। बिहार में गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के टेंटुआ गांव के समीप एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि टेंटुआ गांव के समीप एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल भी बरामद किया है। मृतक महिला केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की दूर की नातिन बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था और आज आरोपी पति रमेश कुमार पटना से घर लौटा था। आरोपी पति ट्रक चालक है। घर लौटते ही अपनी पत्नी को घर में बंद कर दिया और गोली मार दिया, जिसे घटना स्थल पर ही पत्नी सुषमा देवी की मौत हो गई।

## राजा वडिंग ने की भाजपा नेता के आवास पर ग्रेनेड हमले की निंदा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने मंगलवार को जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर ग्रेनेड हमले की निंदा की। राजा वडिंग ने राहत लेते हुये कहा कि कि वरिष्ठ भाजपा नेता को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। साथ ही, उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, यह दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। इस तरह के विस्फोटों की आवृत्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा, आश्चर्य है कि क्या ये विस्फोट आम आदमी पार्टी सरकार के बहरे कानों में कोई आवाज़ पैदा कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा, मान साहब, जाग जाओ, कहीं बहुत देर न हो जाए, पंजाब एक और काला युग बर्दाश्त नहीं कर सकता।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गंगानगर में की जनसुनवाई

श्रीगंगानगर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर जिले के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बुधवार को गंगानगर में जनसुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को उनके उचित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना तथा कई परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई में आए किसानों ने राज्य सरकार द्वारा सिंचाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण संबंधी निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने नई दिल्ली में कला संकाय, उत्तरी परिसर के बाहर दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# अब्दुल्ला आजम पर कोर्ट का बड़ा फैसला, स्टांप चोरी मामले में 3.71 करोड़ का जुर्माना

रामपुर (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। स्टांप चोरी के मामले में डीएम कोर्ट ने उन पर 3 करोड़ 71 लाख 878 रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के मुताबिक, अब्दुल्ला आजम ने 2022 में सदर तहसील क्षेत्र के घाटमपुर और मड़ैया नादर बाग में जमीन खरीदी थी। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग तारीखों पर बैनामा कराया था। आरोप है कि बैनामा कराते समय अब्दुल्ला ने आवासीय जमीन को कृषि भूमि के रूप में दिखाकर 1 करोड़ 78 लाख रुपये से अधिक की स्टांप ड्यूटी की चोरी की।मामला उजागर होने के बाद एसडीएम सदर को इसकी जांच सौंपी गई। जांच में 1 करोड़ रुपये से अधिक की स्टांप चोरी पाए जाने पर उनके खिलाफ डीएम कोर्ट में वाद दायर किया गया। फरवरी 2024 में डीएम कोर्ट ने तीनों पत्रावलियों पर संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया था।कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई हुई और बीते दिनों बहस पूरी होने के बाद आज जिलाधिकारी कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने 1 करोड़ 78 लाख रुपये की स्टांप चोरी पर दोगुना जुर्माना लगाया। साथ ही, देरी से जुर्माना जमा करने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह के हिसाब से ब्याज भी देना होगा।जिला शासकीय अधिवक्ता प्रेम किशोर पांडे ने बताया कि अब्दुल्ला आजम ने चार बैनामे अलग-अलग स्थानों पर कराए थे। एक बैनामा मड़ैया नादर बाग में हुआ, जिसका फैसला पहले आ चुका है। बाकी तीन बैनामे बेनजीर पुर घाटमपुर में कराए गए थे, जिनका फैसला आज आया।जांच में चारों बैनामों में स्टांप चोरी पकड़ी गई।

## हरियाणा में सनसनीखेज घटना, स्कूटी न देने पर युवक के दोनों हाथ काटे; तीन नामजद

जींद ,(आरएनएस)। हरियाणा के जींद जिले के सफीदों में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां स्कूटी न देने पर कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक के दोनों हाथ तेजधार हथियार से काट दिए। यह घटना 6 अप्रैल की देर रात हुई और पीड़ित के बयान के बाद अब पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर तीन युवकों को नामजद किया है।

पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, शिव कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि 6 अप्रैल की रात करीब 11:15 बजे जब वह पुरानी चुंगी के पास से अपनी स्कूटी पर घर जा रहा था, तभी भारत, कुणाल उर्फ बिट्टू और सागर ने उसका रास्ता रोक लिया। युवकों ने उससे स्कूटी मांगी, यह कहते हुए कि उन्हें कहीं बाहर जाना है। नरेंद्र के मुताबिक, जब उसने स्कूटी देने से इनकार किया, तो सागर ने अपने हाथ में लिए तलवार से उसके सिर पर वार किया। बचाव में नरेंद्र ने अपना हाथ ऊपर किया तो तलवार सीधे उसके बाएं हाथ पर लगी, जिससे वह स्कूटी से गिर गया। इसके बाद, कुणाल उर्फ बिट्टू ने लोहे की पाइप से उसके दाहिने हाथ पर वार किया, और फिर भारत ने कुणाल से पाइप लेकर उसके दाहिने हाथ पर दोबारा हमला किया।इस हमले में नरेंद्र के दोनों हाथ कलाई के पास से कट गए। आरोप है कि तीनों युवकों ने उसे जमीन पर गिराकर लातों से भी मारा और जान से मारने की धमकी दी। जब नरेंद्र ने शोर मचाया, तो आसपास के लोग मौके पर आ गए, जिसके बाद तीनों आरोपी फरार हो गए।

घायल नरेंद्र को तुरंत इलाज के लिए पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि नरेंद्र के बयान के आधार पर स्कूटी न देने के कारण हाथ काटने का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

## जयपुर सीरियल ब्लास्ट केस में 17 साल बाद मिला इंसाफ, 4 दोषियों को आजीवन कारावास; 71 लोगों की गई थी जान

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट ने मंगलवार को चार आतंकियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला जयपुर के चांदपोल इलाके में रामचंद्र मंदिर के पास मिले एक जिंदा बम से जुड़ा है, जो 13 मई 2008 को हुए सीरियल बम विस्फोटों के बाद बरामद किया गया था।

हाई कोर्ट ने चारों आरोपियों शाहबाज हुसैन, मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और मोहम्मद सफीउर्रहमान को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होना) और धारा 18 (आतंकी साजिश) के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चार दिन पहले, गत 4 अप्रैल को सीरियल ब्लास्ट मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने इन चारों आरोपियों को दोषी करार दिया था। मंगलवार को सजा पर बहस के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## फतेहपुर तिहरा हत्याकांड : दो बदमाशों को मुठभेड़ में लगी गोली, अब तक चार गिरफ्तार

फतेहपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में तिहरे हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने आज मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया है। इस मामले अभी तक चार लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इस मामले में मंगलवार से पुलिस लगातार अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाकर उनकी तलाश में जुटी थी। फतेहपुर के हथगाम थाना क्षेत्र के अखरी गांव में चुनावी रंजिश में प्रधान रामदुलारी के पुत्रों विनोद सिंह उर्फ पप्पू, अनूप सिंह उर्फ पिंकू और पौत्र अभय प्रताप की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हत्याकांड में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी इंटेलिजेंस विंग टीम, थाना खागा पुलिस टीम व थाना औंग पुलिस की संयुक्त टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि थाना हथगाम में पंजीकृत मुकदमे में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही थीं।

बैरियर लगाकर लगातार चेकिंग की जा रही थी। थाना खागा में चेकिंग के दौरान एक गाड़ी में कुछ अभियुक्त आ रहे थे, उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा के लिए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों को गोली लगी है। इनके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।

इनके पास एक गाड़ी भी बरामद हुई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। थाना हथगाम में जो हत्या का मुकदमा पंजीकृत हुआ है, उसमें चार गिरफ्तारी हो चुकी है। सभी पक्षों की जांच करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक ब्लैक स्कॉर्पियो गाड़ी प्रेमनगर से बुधवन की तरफ से आ रही थी। पुलिस टीम ने कार रोकने का इशारा किया, तो वापस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस के घेराबंदी करने पर फायर करने लगे।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में पूर्व प्रधान मुन्नू सिंह का पुत्र पीयूष सिंह के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दूसरा व्यक्ति सज्जन सिंह के बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दोनों को पुलिस हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## गुलाब चंद कटारिया की पदयात्रा जलियांवाला बाग में संपन्न

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब सरकार के युद्ध नशों के विरुद्ध अभियान के तहत राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा डेरा बाबा नानक से शुरू किया गया जागरूकता मार्च आज जलियांवाला बाग पहुंचकर समाप्त हुआ। पदयात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को राज्यपाल ने जलियांवाला बाग से पंजाबियों को संबोधित करते हुए देश और धर्म की खातिर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पूर्वजों का जिक्र कर राज्य से नशे को खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश और धर्म के लिए सबसे अधिक बलिदान देने वाले राज्य में नशे की बुरी आदत के लिए कोई स्थान नहीं है।कटारिया ने लोगों से नशे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने की अपील की और कहा कि जब तक आम लोग इस अभियान का समर्थन नहीं करेंगे, न तो वे और न ही सरकारें अकेले नशे की बीमारी को खत्म कर सकती हैं।

# भाजपा ओबीसी-एससी-एसटी विरोधी, जनहित के मुद्दों से नहीं कोई सरोकार : पप्पू यादव



पूर्णिया(आरएनएस)। बिहार के चर्चित नेता और पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भाजपा पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उनके अनुसार, पार्टी ओबीसी, एससी-एसटी और किसान विरोधी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ सभी दलों को मिलजुलकर काम करना होगा, उसे अकेले हराना मुश्किल होगा।पप्पू यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी मुख्य समस्याओं पर कभी बात नहीं करती और ओबीसी, एससी, एसटी व किसानों के हितों की विरोधी है। इसके विपरीत, कांग्रेस की सोच समाज के हर तबके को हिस्सेदारी देने की रही है, खासकर ओबीसी, एससी और एसटी को आगे बढ़ाने पर जोर देती है। मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की सक्रियता पर पप्पू यादव ने कहा कि हिंदी पट्टी में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राजद खुश रहे या न रहे, इससे हमें फर्क नहीं पड़ता। सभी गठबंधन धर्म के तहत अपना काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि बीजेपी को हराने के लिए हिंदी पट्टी में गठबंधन जरूरी है, क्योंकि क्षेत्रीय दल अकेले बीजेपी का मुकाबला नहीं कर सकते। कांग्रेस के भविष्य पर उन्होंने कहा कि पार्टी अकेले लड़ेगी या नहीं, यह मैं नहीं बता सकता, लेकिन बीजेपी को हराना हमारा लक्ष्य है। पार्टी एक विचारधारा से चलती है और नेतृत्व जो दिशा तय करता है, उसी के आधार पर कार्यकर्ता काम करते हैं।आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका पर पप्पू यादव ने कहा कि वे लोगों को जोड़ने और सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। हमारी प्राथमिकता विकास और जनता के मुद्दों पर ध्यान देना है।

मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'मोदी है तो मुमकिन है' का नारा खत्म हो चुका है। देश का रुपया गिर गया, पड़ोसी देश दूर हो गए और अमेरिका टैरिफ बढ़ा रहा है, लेकिन मोदी चुप हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि 11 साल में पीएम मोदी ने क्या किया? उनका दावा था कि 2014 से पहले हिंदू और देश खतरे में नहीं थे, लेकिन मोदी के आने के बाद से ही यह संकट पैदा हुआ है।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय के छात्रों से बातचीत की।

# पश्चिम बंगाल : शिक्षक भर्ती रद्द मामले में टीएमसी का हल्ला बोल, कोलकाता में विरोध मार्च का आयोजन



कोलकाता , (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के जरिए विभिन्न स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की बहाली सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रद्द कर दी। इस फैसले के खिलाफ सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को कोलकाता में एक विशाल विरोध मार्च का आयोजन किया है।तृणमूल कांग्रेस के पदाधिकारियों के अनुसार, यह विरोध मार्च कॉलेज स्क्वायर से दोपहर 3 बजे शुरू होगा और धर्मतला के एस्प्लेनेड इलाके में समाप्त होगा। इसमें पार्टी की युवा शाखा (टीएमसी यूथ) और विद्यार्थी शाखा (टीएमसी छात्र परिषद) सक्रिय रूप से भाग लेंगी।कोलकाता में इस रैली के अलावा, पार्टी ने 11 अप्रैल को राज्य के सभी जिलों, ब्लॉकों, वार्डों और कस्बों में इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों की योजना बनाई है।पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने सोमवार को एक बयान में कहा, 9 अप्रैल को कोलकाता में हमारी छात्र और युवा शाखा के सदस्य एक विशाल विरोध रैली निकालेंगे। यह रैली उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड पर समाप्त होगी। इसके अगले दिन, 10 अप्रैल को राज्य के हर जिले में इसी तरह की रैलियां आयोजित की जाएंगी। तृणमूल के विरोध का आधिकारिक स्वर यह होगा कि माकपा और भाजपा ने 25,753 नौकरियों को समाप्त करने के लिए साजिश रची।तृणमूल नेताओं का आरोप है कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। हालांकि, राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि विरोध का स्वर जानबूझकर विपक्षी दलों पर आरोप लगाने तक सीमित रखा गया है, क्योंकि नौकरियों को रद्द करने के फैसले के खिलाफ सीधा विरोध सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवमानना माना जा सकता है।सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सही ठहराया था, जिसमें डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा की गई 25,753 नियुक्तियों को अवैध करार दिया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि राज्य सरकार और आयोग 'वास्तविक' उम्मीदवारों को उन 'दागी' उम्मीदवारों से अलग करने में विफल रहे, जिन्होंने कथित तौर पर रिश्वत देकर नौकरियां हासिल की थीं। इस फैसले ने राज्य में बड़े पैमाने पर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसके चलते तृणमूल कांग्रेस ने विरोध का रास्ता अपनाया है।

## सरेबाजार पत्नी ने पति को जड़े थप्पड़, असहाय बना रहा पति; भीड़ भी देखती रही तमाशा



नई दिल्ली (आरएनएस)। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक हैरान करने वाला वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला अपने पति को सरेआम इसलिए पीट रही है क्योंकि वह पैसे नहीं कमाता है। यह घटना किसी सार्वजनिक स्थान पर हुई, जहां दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ। वीडियो में पति असहाय नजर आ रहा है, जो अपनी पत्नी के थप्पड़ और ताने चुपचाप सह रहा है। हैरानी की बात यह है कि आसपास भीड़ मौजूद होने के बावजूद किसी ने भी महिला को रोकने की कोशिश नहीं की।

वायरल वीडियो में महिला अपने पति का कॉलर पकड़कर उस पर चिल्लाती हुई दिखाई दे रही है। वह लगातार उसे थप्पड़ मार रही है, जबकि असहाय पति केवल उसका हाथ पकड़कर खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है। वीडियो में महिला यह कहते हुए सुनाई दे रही है कि उसका पति कमाता नहीं है और वह उसके पैसों पर निर्भर है। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया है, यह एक परेशान करने वाला वीडियो है। एक पत्नी अपने पति को सिर्फ इसलिए सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारती है क्योंकि वह कमा नहीं रहा है।इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कई यूजर्स ने महिला के इस व्यवहार पर नाराजगी जताई है। एक यूजर ने लिखा, क्या हुआ?! उसे सार्वजनिक रूप से उसे शर्मिंदा करने का अधिकार किसने दिया?? वहीं, एक अन्य यूजर ने सवाल उठाया, क्या पत्नी द्वारा पति को थप्पड़ मारना या प्रताड़ित करना आम बात हो गई है? या यह हमेशा से था लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।कुछ यूजर्स ने इस घटना पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी भी की है। एक व्यक्ति ने लिखा, मुझे कॉमेडियन क्रिस रॉक की वह बात याद आती है कि केवल महिलाओं, बच्चों और कुत्तों को ही बिना शर्त प्यार किया जाता है।

# भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक ने ब्लैक साड़ी में ढाया कहर, फैंस को भाया दिलकश अंदाज



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस और सोशल मीडिया सेंसेशन नेहा मलिक अपनी स्टाइलिश तस्वीरों से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्लैक साड़ी में कुछ बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में नेहा मलिक अपनी दिलकश अदाओं और परफेक्ट पोज़ के साथ फैंस के दिलों पर छा गई हैं।

ब्लैक साड़ी के साथ उन्होंने गोल्डन ज्वेलरी पहनी है, जो उनके लुक को और भी एलिगेंट बना रही है. नेहा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, मेरी काली साड़ी शब्दों से ज़्यादा बोलती है . नेहा की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं. किसी ने उनकी अदाओं की तारीफ की, तो किसी ने उनकी खूबसूरती को कहर बताया. एक यूजर ने कमेंट किया, सौंदर्य सौंदर्य सौंदर्य , तो वहीं दूसरे फैन ने लिखा, मुझे यह पोशाक बहुत पसंद है, बहुत सुंदर है!.

नेहा मलिक अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं. उनकी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं और फैंस उन्हें खूब पसंद करते हैं. इंस्टाग्राम पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है, और हर पोस्ट पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आते हैं।

# पूजा बनर्जी ने अपना स्टूडियो लॉन्च करने के बारे में बताया

**अभिनेत्री पूजा बनर्जी ने अपना स्टूडियो शुरू करके उद्यमिता की दुनिया में कदम रखा है। अभिनेत्री ने अपनी खुद की कुछ बनाने की अपनी लंबे समय से चली आ रही इच्छा को साझा किया, इस बात पर जोर देते हुए कि रचनात्मकता और व्यवसाय के प्रति उनके जुनून ने उन्हें यह रोमांचक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। अपने नए उद्यम के साथ, बनर्जी का लक्ष्य नए अवसरों की खोज करना और दूसरों को उनके उद्यमशीलता के सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है।**

कसौटी जिंदगी की की अभिनेत्री, जो जल्द ही दूसरी बार माँ बनने वाली हैं, मुंबई में एयरबीएनबी पर एक प्रॉपर्टी की भी मालकिन हैं, और अब, उन्होंने अपना खुद का स्टूडियो खरीदकर अपनी सूची में एक और



उपलब्धि जोड़ ली है। इस बारे में बात करते हुए, पूजा ने बताया, मैंने वास्तव में बिजनेस मैनेजमेंट और अर्थशास्त्र का अध्ययन किया है, इसलिए मेरा हमेशा से ही व्यवसाय और अपना खुद का कुछ शुरू करने की ओर झुकाव रहा है। मेरे पास पहले से ही एयरबीएनबी पर एक प्रॉपर्टी है, जो मेरा पहला उद्यम था। अब, मैं अपना खुद का स्टूडियो चलाना चाहती थी, इसलिए मैंने अपनी कंपनी, एक्रोम प्राइवेट लिमिटेड शुरू की, जिसके तहत यह स्टूडियो मेरा पहला स्वामित्व है।

उन्होंने कहा, यह एक ऐसी जगह है जिसे लोग शूटिंग, ज़ुम्बा सेशन, पॉडकास्ट और बहुत कुछ के लिए किराए पर ले सकते हैं। दिल्ली में स्थित, मैं इसे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यह पूरी तरह से साउंडप्रूफ स्टूडियो है। कृपया इसे अपना प्यार और आशीर्वाद दें।पूजा ने 2022 में अपनी पहली संतान, बेटी सना का स्वागत किया। पूजा ने 2017 में संदीप सेजवाल के साथ विवाह किया। पूजा ने पहले साझा किया था कि वह और उनके पति हमेशा से दो बच्चे पैदा करने का सपना देखते थे, और वे उस सपने को साकार होते देखकर बहुत खुश हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की सिकंदर की हालत पस्त, 9वें दिन की कमाई जान लगेगा झटका

सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद के खास मौके पर यानी 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को बड़ी उम्मदें थीं।लग रहा था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी, लेकिन पहले दिन से ही यह फिल्म टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है।अब सिकंदर की कमाई के 9वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिकंदर ने रिलीज के 9वें दिन यानी पहले सोमवार को 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 104.25 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में इस फिल्म ने 197.45 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। 200 करोड़ के बजट में बनी सिकंदर ने बॉक्स ऑफिस पर रेंगते हुए अपनी आधी लागत वसूल ली है। इसक हालत देख कई सिनेमाघरों ने इसके शो घटा दिए हैं।सिकंदर का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है, जिन्होंने आमिर खान को लेकर गजनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का निर्देशन किया था, वहीं सलमान क साथ इससे पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म किक बना चुके साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं।

## सनी देओल स्टारर जाट का टाइटल ट्रैक हुआ रिलीज, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में गूंजेगी दहाड़



सनी देओल की आगामी फिल्म जाट का थीम सॉन्ग हाल ही में रिलीज़ किया गया है, जिसे प्रसिद्ध गायक अमृत मान ने गाया है. संगीतकार थमन एस के निर्देशन में बने इस गाने के बोल भी अमृत मान ने ही लिखे हैं. फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है, जो अपनी एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. जाट फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ रितेश देशमुख, विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसेंड्रा, सैयामी खेर और स्वरूपा घोष जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म का ट्रेलर पहले ही दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा चुका है, और अब इस थीम सॉन्ग ने फिल्म के प्रति उत्सुकता को और बढ़ा दिया है.

फिल्म जाट 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है. दर्शकों को इस एक्शन से भरपूर फिल्म का बेसब्री से इंतजार है, जिसमें सनी देओल अपने दमदार अभिनय से एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं.


सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है. इस फिल्म से फैन्स को खासी उम्मीदे हैं क्योंकि गदर-2 के बाद वो सनी देओल का जादू बड़ी स्क्रीन पर दोबारा देखने को बेताब हैं. इस फिल्म में एक बार फिर वो धमाकेदार एक्शन करते नजर आएंगे. साउथ के जाने माने डायरेक्टर गोपीचंद की इस फिल्म में सनी देओल ने एक बार फिर जीतोड़ मेहनत की है. फिल्म बनाने की बात अलग है सनी देओल इसके प्रमोशन में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं.

## रेड 2 का धांसू ट्रेलर रिलीज, अजय देवगन के चक्रव्यूह में फंसे रितेश देशमुख, होगा पाई-पाई का हिसाब



अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज होगी. इसके पहले हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था जिसने फिल्म को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. अब मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया है. अजय देवगन अपने किरदार अमर पटनायक के रूप में लौट रहे हैं. लेकिन इस बार उनके सामने सौरभ शुक्ला नहीं बल्कि रितेश देशमुख होंगे.रेड 2 साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है जिसमें आगे की कहानी दिखाई जाएगी. पिछली फिल्म में अजय ने आईआरएस ऑफिसर अमय पटनायक का किरदार निभाया था जो एक भ्रष्ट नेता के घर रेड मारता है और सफल होता है. इस फिल्म में अजय देवगन के सामने सौरभ शुक्ला थे. इस बार उनके अपोजिट रितेश देशमुख हैं जो एक पावरफुल पॉलीटिशियन दादा भाई के रोल में हैं.

## क्या आप अंकुरित सही खा रहे हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



अंकुरित को कई लोग सलाद की तरह खाते हैं, लेकिन क्या आप इसे सही तरीके से खा रहे हैं? अंकुरित में मौजूद पोषक तत्वों का सही तरीके से सेवन करना जरूरी है ताकि आपको इसका पूरा स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

आइए हम आपको अंकुरित खाने से संबंधित पांच ऐसी बातें बताते हैं, जिनका आपको हमेशा ध्यान रखना चाहिए ताकि आप इसे सही तरीके से खा सकें और इसके फायदे भी आपको मिलें।

अंकुरित को खाने से पहले पानी में भिगोएं

अंकुरित को खाने से पहले उन्हें पानी में भिगोना जरूरी है। यह प्रक्रिया अंकुरित के पाचन को आसान बनाती है और उन्हें खाने योग्य बनाती है।

इसके लिए अंकुरित को कम से कम 4-6 घंटे तक पानी में भिगोएं। इससे वे नरम हो जाते हैं और उनका स्वाद भी बढ़ जाता है।इसके अलावा यह तरीका उनके पोषक तत्वों को भी सुरक्षित रखता है। इसलिए अंकुरित को हमेशा पानी में भिगोकर ही खाएं।

**कच्चे अंकुरित का सेवन न करें**

कच्चे अंकुरित खाने से सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।इनमें मौजूद कुछ तत्व शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को रोक सकते हैं, जिससे पोषण की कमी हो सकती है। इसलिए कच्चे अंकुरित खाने से बचें और इन्हें हल्का सा भूनकर या उबालकर खाएं।इससे ये आसानी से पच जाते हैं और इनके पोषक तत्व भी शरीर द्वारा अच्छे से अवशोषित होते हैं। इस तरह आप अंकुरित का पूरा स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

**सीमित मात्रा में खाएं**

अंकुरित खाने की मात्रा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।अधिक मात्रा में अंकुरित खाने से पेट में गैस या अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इन्हें सीमित मात्रा में ही खाएं।एक समय में लगभग 50 ग्राम अंकुरित खाना पर्याप्त होता है। इसे आप नाश्ते या शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इससे आपको सभी पोषक तत्व मिलेंगे और कोई भी परेशानी नहीं होगी।

**अन्य खाद्य पदार्थों के साथ मिश्रण बनाएं**

अंकुरित को अकेले खाने की बजाय अन्य खाने की चीजों के साथ मिलाकर खाएं। इससे इसका स्वाद बढ़ेगा और यह अधिक पौष्टिक बनेगा।

आप इसे सलाद में मिला सकते हैं या सूप आदि में भी डाल सकते हैं।इसके अलावा आप इसे दही या छाछ के साथ भी खा सकते हैं। इससे न केवल इसका स्वाद बढ़ेगा बल्कि इसके पोषक तत्वों का अवशोषण भी बेहतर होगा। इस तरह आप अंकुरित का पूरा स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।अंकुरित को लंबे समय तक स्टोर करने से बचेंअंकुरित को लंबे समय तक रखने से उनके पोषक तत्व कम हो जाते हैं और वे सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए इन्हें ताजा ही बनाकर खाएं। अगर आपके पास अधिक मात्रा में अंकुरित बच जाएं तो उन्हें ठंडे स्थान पर रख दें ताकि उनकी ताजगी बनी रहे।इस तरह आप अंकुरित का सही तरीके से सेवन करके इसके सभी लाभ पा सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं।

# गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय न करें ये 5 गलतियां, रहेंगे फिट



गर्मियों में एक्सरसाइज करते समय कई लोग कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि, अगर आप इन गलतियों को समझ जाते हैं तो आप इन्हें करने से बच सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।आइए आज हम आपको ऐसी ही पांच गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय बचना चाहिए।

**पानी पीने में लापरवाही**

गर्मियों में पसीना अधिक आता है, जिसके कारण शरीर से नमक और पानी की अधिक मात्रा में कमी होती है।

इस कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जो कि एक गंभीर समस्या है। इससे बचने के लिए पानी का पूरा ध्यान रखें।

इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और साथ ही नारियल पानी या ताजे फलों के रस का सेवन भी करें। इससे शरीर को जरूरी तत्व भी मिलेंगे।

**आराम को नजरअंदाज करना**

अगर आप गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय समय पर आराम नहीं करते हैं तो इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

आराम न करने से शरीर में सूजन और दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे आपकी फिटनेस पर बुरा असर पड़ता है।इसलिए आराम करना न भूलें। जब आपको थकान महसूस हो तो एक्सरसाइज भी न करें क्योंकि इससे शरीर को ठीक करने का समय नहीं मिल पाता है।

**जरूरत से ज्यादा पानी पीना**

गर्मियों के दौरान एक्सरसाइज करते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप जरूरत से ज्यादा पानी पीने लगें।अधिक पानी पीने से शरीर में तत्वों का संतुलन बिगड़ सकता है।इसके कारण आपको शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, मतली और उल्टी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे शरीर में पानी की कमी भी हो सकती है।

**सही आहार न लेना**

अगर आप एक्सरसाइज करने के बाद भी आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे आपकी फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है।एक्सरसाइज के बाद प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए क्योंकि यह मांसपेशियों को ठीक करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद कर सकता है।इसके अतिरिक्त शरीर को ठंडक देने के लिए नारियल पानी, ताजे फलों का रस या छाछ का सेवन करें।

**अधिक समय तक एक्सरसाइज करना**

कुछ लोग मानते हैं कि अधिक समय तक एक्सरसाइज करने से फिटनेस बेहतर होती है, जबकि ऐसा नहीं है।फिटनेस को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी एक्सरसाइज को सही तरीके से करें और इसके लिए आपको ज्यादा समय तक एक्सरसाइज करने की जरूरत नहीं है। बेहतर होगा कि आप रोजाना 30 से 45 मिनट तक एक्सरसाइज करें। इसके अलावा एक्सरसाइज के दौरान अपनी क्षमता से अधिक वजन न उठाएं।

## पाकिस्तान : 11,371 से अधिक अफगान शरणार्थी जबरन निर्वासित, कार्रवाई जारी

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। पाकिस्तान ने 11,371 अफगान शरणार्थियों को तोरखम सीमा के जरिए जबरन अफगानिस्तान वापस भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंगलवार को 3,669 से अधिक अफगान शरणार्थियों को सीमा पार भेजा गया। सरकार के शरणार्थियों को



वापस भेजने के फैसले की वजह से बड़ी संख्या में अफगानी प्रभावित हुए हैं। अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में दशकों से रह रहे हैं और इनमें ऐसे लोगों की संख्या भी शामिल है जिनका जन्म भी यहीं हुआ और वह कभी अफगानिस्तान नहीं गए।31 मार्च को समय सीमा समाप्त होने के बाद, पूरे देश में अफगान शरणार्थियों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें अभियान चला रही हैं।कुछ निर्वासित लोगों ने कहा कि उन्हें काम करते समय पाकिस्तानी पुलिस ने गिरफ्तार किया और अफगानिस्तान भेज दिया जबकि उनका परिवार पीछे छूट गया।अफगान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने निर्वासित गुल मोहम्मद के हवाले से बताया, मैं फल बाजार में एक छोटा सा होटल व्यवसाय चलाता था। पुलिस ने मुझ पर छापा मारा, मुझे खैबर पख्तूनख्वा के हाजी कैंप में चार रातों तक हिरासत में रखा और अब मुझे तोरखम के रास्ते निर्वासित कर दिया है।देश के प्रमुख दैनिक 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, रावलपिंडी में अफगान दुकानदारों ने अपना सामान बेचने में लगे और अपनी दुकानें बंद कर रहे हैं। इनमें से कई गायब हो गए हैं।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्लोवाकिया की अपनी यात्रा के दौरान स्लोवाक गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड राई से मुलाकात की।

## दर्दनाक हादसा : नर्सिंग होम में लगी भीषण आग, 20 लोग जिंदा जले

चीन ,(आरएनएस)। उत्तरी चीन के एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। एजेंसी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि 8 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार रात 9 बजे हेबेई प्रांत के चेंगडे शहर में स्थित एक नर्सिंग होम में आग लग गई।

शिन्हुआ ने बताया कि नर्सिंग होम में आग लगने के बाद सुरक्षित निकाले गए लोगों को आगे की निगरानी और उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल कितने लोग घायल हैं इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, आग के कारणों की जांच अभी चल रही है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी स्थिति की जांच कर रहे हैं और इस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में अज्ञात लोग कर रहे आतंकवादियों का सफाया, क्या है पूरा मामला?

पेशावर, (आरएनएस)। पाकिस्तान में कारी एजाज आबिद नाम के एक शख्स की 30 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय राजधानी पेशावर में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक वैश्विक आतंकवादी और प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के संस्थापक मौलाना मसूद अजहर का करीबी सहयोगी और रिश्तेदार था। रिपोर्ट के अनुसार, आबिद की पेशावर के पिश्तखारा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसके सहयोगी कारी शाहिद को अज्ञात बंदूकधारियों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि कारी एजाज आबिद अहले-ए-सुन्नत वल जमात (एएसडब्ल्यूजे) का हिस्सा था और इंटरनेशनल खतम-ए-नबुवत का प्रांतीय प्रमुख था।

स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने हत्या की पुष्टि करते हुए कहा कि देश भर में लक्षित हत्याओं की बाढ़ आ गई है, जिसमें विशेष रूप से देवबंदी विचारधारा से जुड़े धार्मिक लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

हालांकि, खुफिया सूत्रों का कहना है कि मारे गए सभी लोग लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे प्रमुख आतंकवादी संगठनों से जुड़े थे।

# गुटेरेस को आशंका ट्रेड वॉर से आएगी मंदी



संयुक्त राष्ट्र,(आरएनएस)। ट्रेड वॉर से पैदा होने वाली मंदी के खतरों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा, क्योंकि इसके दुष्परिणाम गरीबों को झेलने पड़ेंगे।उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ लागू करने से कुछ घंटे पहले कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे यहां मंदी नहीं आएगी, क्योंकि मंदी के गंभीर परिणाम होंगे, खासकर दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ट्रेड वॉर बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसमें कोई भी नहीं जीतता, सभी हारते हैं। उन्होंने कहा, मैं खासकर सबसे कमजोर विकासशील देशों को लेकर चिंतित हूं, क्योंकि इसका असर उन पर ज्यादा बुरा होगा।

ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो बुधवार आधी रात से लागू होगा। इसके जवाब में बीजिंग ने 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) ने कहा कि व्यापार में सुधार की जरूरत साफ नजर आ रही है।यूएनसीटीएडी की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने कहा, वैश्विक व्यापार नियमों को आज की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बदला जाना चाहिए, लेकिन इन बदलावों में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करें और विकास को बढ़ावा दें।उन्होंने कहा, यह एकजुट होने का समय है, न कि तनाव बढ़ाने का।विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की उप महानिदेशक एंजेला एलार्ड ने कहा कि संगठन के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि अमेरिका और अन्य देशों द्वारा हाल में उठाए गए टैरिफ उपायों से इस वर्ष वैश्विक वस्तु व्यापार में लगभग एक प्रतिशत की कमी आ सकती है।यह तीन प्रतिशत की वृद्धि के पूर्व अनुमान से लगभग चार प्रतिशत की महत्वपूर्ण गिरावट होगी।एलार्ड ने कहा कि डब्ल्यूटीओ प्रणाली को कमजोर करने के प्रयासों के बावजूद, अभी भी वैश्विक व्यापार का 74 प्रतिशत डब्ल्यूटीओ के सर्वाधिक-तरजीही-राष्ट्र (एमएफएन) शर्तों के तहत होता है।

## ट्रंप का एक और बड़ा धमाका : दवाओं के आयात पर भी लगेगा टैरिफ, चीन पर शुल्क बढ़ाकर 104प्रतिशत किया

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्हें अक्सर 'टैरिफ किंग' कहा जाता है, ने एक और बड़ा कदम उठाया है। 2 अप्रैल को दुनिया भर के 180 से अधिक देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के बाद, ट्रंप ने अब घोषणा की है कि जल्द ही दवाओं के आयात पर भी शुल्क लगाया जाएगा।

मंगलवार को नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया कि दवाओं पर लगने वाले इस नए टैरिफ का उद्देश्य दवा कंपनियों को अमेरिका में ही अपना उत्पादन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इसी बीच, मंगलवार की आधी रात से विभिन्न देशों से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से घोषित टैरिफ की नई दरें प्रभावी हो गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने चीन के खिलाफ अपने रुख को और सख्त करते हुए चीनी सामानों पर टैरिफ को 54 प्रतिशत से बढ़ाकर 104 प्रतिशत कर दिया है। चीन ने भी इस कदम का जवाब देते हुए अमेरिकी सामानों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिससे राष्ट्रपति ट्रंप नाराज हो गए। मंगलवार को ट्रंप ने चीन पर यह आरोप भी लगाया कि वह अमेरिकी टैरिफ के असर को कम करने के लिए अपनी मुद्रा के मूल्य में हेरफेर



कर रहा है। उन्होंने कहा, आपको उन्हें जवाब देना होगा। वे टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए अपनी मुद्रा में हेरफेर कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत से आने वाले सामानों पर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। प्रशासन के अनुसार, लगभग 70 देशों के साथ व्यापार संबंधी मुद्दों पर बातचीत जारी है और हर देश के साथ उसकी परिस्थितियों के अनुसार विशेष व्यापार समझौता (कस्टम-मेड डील) करने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार और अन्य मुद्दों पर जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से फोन पर बात की और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात भी की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू से भी चर्चा की।

## यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 6 लोगों की मौत, 15 घायल

सना (आरएनएस)। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को यमन में कई अमेरिकी हवाई हमले हुए, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेइदाह में छह लोगों की मौत हुई है और 13 घायल हुए हैं। हमला, अमीन मुकबिल इलाके के एक रिहायशी इलाके पर हुआ। वहीं, धमार प्रांत में दो अन्य लोग घायल हुए, जहां एक खेत पर हमला हुआ था।हूती टेलीविजन और स्थानीय निवासियों के अनुसार, पश्चिमी-मध्य प्रांत अमरान और मध्य प्रांत इब्ब के दूरसंचार बुनियादी ढांचे पर जबरदस्त बमबारी हुई।हूती टेलीविजन ने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल लक्षित सुविधाओं में आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं।इससे पहले अमेरिका ने मंगलवार को हूती विद्रोहियों के ठिकानों के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज कर दिया। उन्होंने कुल 50 हवाई हमले किए। इन हमलों को लेकर अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसने पहले बयानों में कहा था कि वह तब तक प्रतिदिन हवाई हमले करना जारी रखेगा, जब तक कि हूती लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों पर हमला करना बंद नहीं कर देता।



## पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, प्रियांश आर्य बने प्लेयर ऑफ द मैच

चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 के 22वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को अपने घर में 18 रनों से हरा दिया है. यह पंजाब किंग्स की 4 मैचों में तीसरी जीत है, जबकि सीएसके की 5 मैचों में चौथी हार है. इस हार के साथ चेन्नई प्वाइंट्स टेबल में 2 अंकों के साथ 9वें स्थान पर है, जबकि पंजाब 6 अंकों के साथ नंबर 4 पर मौजूद है।

चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 219 का स्कोर खड़ा किया. चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर सिर्फ 201 रन बना पाई और 18 रनों से मैच हार गई।

पंजाब से मिले 220 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके के लिए सबसे ज्यादा 69 रन डेवोन कॉन्वे ने बनाए. इस दौरान उन्होंने 49 बॉल का सामना करते हुए 6 चौके और 2 छक्के लगाए. उनके अलावा रचिन रविंद्र ने 23 बॉल में 6 चौकों के साथ 36 रन बनाए।

सीएसके के लिए इम्पैक्ट प्लेयर शिवम दुबे ने 27 बॉल पर 42 रनों की पारी खेली, उन्होंने 3 चौके और 2 छक्के लगाए. धोनी ने 1 चौके और 2 छक्कों के साथ 27 रनों का योगदान दिया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए. पंजाब के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 और यश ठाकुर व ग्लेन मैक्सवेल ने 1-1 विकेट लिया।

## एमएस धोनी ने रचा इतिहास, आईपीएल में बनाया ऐसा महारिकॉर्ड जिसे तोड़ पाना बेहद मुश्किल

मुल्लानपुर (आरएनएस)। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने बुधवार को इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया, क्योंकि वह विकेटकीपर के तौर पर आईपीएल में 150 कैच लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए. धोनी ने मंगलवार को मुल्लानपुर (न्यू चंडीगढ़) के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की.एमएस धोनी ने मैच के बाद 8वें ओवर में रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर नेहाल वढेरा को कैच आउट करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की. वढेरा ने ऑफ स्पिनर की गेंद पर स्लॉग खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से टकरा गई. धोनी ने आसान कैच पकड़कर आईपीएल में अपने 150 कैच पूरे किए.आईपीएल में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में धोनी के बाद दिनेश कार्तिक 137 कैच के साथ तीसरे नंबर पर हैं, जो अब संन्यास ले चुके हैं. वहीं, ऋद्धिमान साहा इस लिस्ट में 87 कैच के साथ तीसरे नंबर पर हैं. धोनी ने कुल मिलाकर आईपीएल में 154 कैच पकड़े हैं, जिनमें से 4 कैच उन्होंने फील्डर के तौर पर लिए हैं. 2008 और 2009 के सीजन में, धोनी ने सुपर किंग्स के लिए पार्थिव पटेल के साथ विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी शेयर की. यह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सभी प्रतियोगिताओं में धोनी का 150वां कैच भी था. सुरेश रैना 110 कैच के साथ एक ही फ्रैंचाइजी के लिए सबसे ज़्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं.धोनी के नाम टी20 क्रिकेट इतिहास में विकेटकीपर द्वारा सबसे ज़्यादा फील्डिंग आउट (311) का रिकॉर्ड भी दर्ज है, जिसमें उन्होंने 221 कैच और 90 स्टंपिंग की हैं. इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक दूसरे स्थान पर हैं और 300 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले एकमात्र अन्य खिलाड़ी हैं. धोनी ने भारत के लिए टी20 I मैचों में 91 आउट किए हैं।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और कैपिटल्स में मुकाबला




### शाम 7.30 से शुरू होगा मैच

बेंगलुरु (ईएमएस)। यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुरुवार को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक टक्कर होने की उम्मीद है। आरसीबी की टीम जहां अपने घरेलू मैदान में उतरेगी। वहीं कैपिटल्स इस सत्र में शीर्ष पर होने के कारण बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। आंकडों पर नजर डालें तो आरसीबी का पलड़ा भारी नजर आता है। दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो वहां ऋष्क का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल इतिहास में अब तक 12 मैच इस मैदान पर खेले गये हैं, जिसमें आरसीबी ने 7 मैच जीते हैं। कैपिल्स की टीम बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ सिर्फ 4 मैच ही जीत पाई है। इस मैच में प्रशंसकों को आरसीबी के अनुभवी बल्लेबजा विराट कोहली और रॉयल्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। अब देखना होगा कि इनमें कौन भारी पड़ता है। इस सत्र में अब तक दिल्ली का प्रदर्शन शानदार रहा है और उसने अपने तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी को चार में से तीन मैचों में जीत मिली है। दोनों टीमें अब तक हालातों के अनुसार खेलने में सफल रही हैं।

आरसीबी को एकमात्र हार इसी मैदान पर गुजरात टाइटंस के हाथों मिली थी। वहीं दिल्ली कैपिटलस ने अब तक अपनी तीनो ही मैच जीते हैं। ऐसे में टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मैच में विराट को स्टार्क के अलाव बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की गेंदबाजी का सामना करना होगा। इस सत्र में स्टार्क ने तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट लिए हैं जिससे पता चलता है कि वह लय में हैं। इसके बाद कुलदीप ने छह की इकॉनॉमी रेट से विकेट लिए हैं।वहीं कैपिटल्स के कुलदीप किसी भी बल्लेबाज पर अंकुश लगा सकते हैं। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वह स्पिनरों के खिलाफ सफल भी रहे हैं। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान और स्पिनर अक्षर पटेल को अपनी ओर से बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। वह अब तक तीन मैचों में एक भी विकेट नहीं ले पाये हैं। दूसरी कोर आरसीबी की बात करें तो उसके पास जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जैसे तेज गेंदबाज हैं जिनका सामना करना कैपिटल्स के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

## बीसीसीआई ने एक बार फिर बिना कोई जुर्म बताए ठोका जुर्माना

### -अब पंजाब किंग्स के इस खिलाड़ी पर गिरी गाज

मुल्लानपुर,(आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया और पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर मंगलवार रात यहां 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. हालांकि, बीसीसीआई ने एक बार फिर यह नहीं बताया है कि इस खिलाड़ी ने मैच के दौरान क्या जुर्म किया था जिसकी उसे सजा मिली है.



आईपीएल ने मीडिया को जारी किए एक बयान में कहा, पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर मंगलवार को न्यू पीसीए स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है.मीडिया स्टेटमेंट में कहा गया, ग्लेन मैक्सवेल ने अनुच्छेद 2.2 (मैच के दौरान फिक्स्चर और फिटिंग का दुरुपयोग) के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया. आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है.

पंजाब किंग्स ने अपने घरेलू मैदान पर एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में सीएसके को 18 रनों से हराया. उन्होंने ओपनर प्रियांश आर्य के धमाकेदार शतक और गेंदबाजों द्वारा की गई शानदार डेथ बॉलिंग की बदौलत रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की. पंजाब के स्टार बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने 42 गेंदों पर 103 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि शशांक सिंह (नाबाद 52) और मार्को जेनसन (34) ने स्कोर को 200 के पार पहुंचाने में मदद की.

# IPL के बीच विराट कोहली के इंस्टाग्राम से करोड़ों के विज्ञापन पोस्ट गायब? जानें क्या है पूरा मामला



नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का 18वां सीजन पूरे रोमांच पर है और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। कोहली के बल्ले से रन बरस रहे हैं और टीम भी जीत की राह पर है। लेकिन इन सबके बीच, विराट कोहली के इंस्टाग्राम अकाउंट पर हुए एक अप्रत्याशित बदलाव ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। वजह कोई नई तस्वीर या वीडियो नहीं, बल्कि उन पोस्ट्स का गायब होना है जिनसे कोहली ने करोड़ों रुपये कमाए थे।

### करोड़ों की कमाई वाले पोस्ट अचानक गायब

इंस्टाग्राम पर 271 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार विराट कोहली इस प्लेटफॉर्म पर काफी सक्रिय रहते हैं। उनके हर पोस्ट पर फैंस का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिलता है। इसी लोकप्रियता के चलते कोहली इंस्टाग्राम के जरिए विभिन्न कंपनियों के विज्ञापन पोस्ट करते हैं, जिनसे उनकी करोड़ों की कमाई होती है। मगर हाल ही में फैंस यह देखकर चौंक गए कि कोहली के अकाउंट से ये विज्ञापन वाले पोस्ट अचानक गायब हो गए हैं।

### फैंस की नाराजगी के बाद बदलाव?

दरअसल, पिछले करीब डेढ़ साल से कोहली के इंस्टाग्राम पर अधिकतर ब्रांड एंडोर्समेंट से जुड़े पोस्ट ही नजर आ रहे थे। मैच, ट्रेनिंग या निजी जिंदगी से जुड़ी तस्वीरें कम ही देखने को मिल रही थीं, जिसे लेकर फैंस ने पिछले कुछ हफ्तों में अपनी निराशा भी जाहिर की थी। अब अचानक उनके अकाउंट के मेन पेज से विज्ञापन नदारद हैं और सिर्फ पुरानी तस्वीरें ही दिख रही हैं, जिनमें वह पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ नजर आ रहे हैं।

## कोलकाता बनाम लखनऊ आईपीएल मैच में हुआ गजब का कारनामा

कोलकाता (ए.)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को उसके घर ईडन गार्डन्स में हराया. इस रोमांचक आईपीएल मुकाबले में एलएसजी ने आखिरी ओवर में 4 रन से शानदार जीत दर्ज की. कांटे के इस मुकाबले में लखनऊ के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया. उन्होंने इस मैच में आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे लंबा ओवर फेंका. साथ ही उन्होंने 1 गेंद पर बिना किसी बाउंड्री के 6 रन दे दिए. केकेआर को 239 रन का विशाल लक्ष्य देने के बाद केकेआर की पारी का 13वां ओवर फेंकने के लिए लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने शार्दुल ठाकुर को गेंद थमाई. लेकिन, ठाकुर के लिए यह ओवर किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा. उन्होंने शुरुआती 5 गेंद वाइफ फेंकी. इसके बाद पहली लीगल गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने दौड़कर 1 रन लिया. इस तरह शार्दुल की 1 गेंद पर बिना किसी चौके और छक्के के कुल 6 रन बने. हालांकि, इस ओवर की आखिरी गेंद पर ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे का विकेट लिया।

# नपा का 3 अरब 33 करोड़ का बजट हुआ पास

## नगरपालिका ने 77 हजार 446 रुपये लाभ का बजट किया पेश

## कोई नया कर नहीं लगा न पुराने टैक्स में हुई बढोतरी



इटारसी। नर्मदापुरम (निप्र)। स्वच्छ सुंदर सुव्यवस्थित स्वस्थ्य, सुरक्षित, विकसित इटारसी की मूल अवधारणा लेकर नगरपालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के विकास के लिए बजट प्रस्तुत किया। विकास के साथ ही नगरपालिका अधिकारी.कर्मचारियों के वेतन व मूलभूत सुविधाओं के लिए नपा वर्ष 2025.26 में 3 अरब 33 करोड 26 लाख, 36 हजार 826 रुपये विभिन्न सोर्स से प्राप्त करते हुए खर्च करेगी और 77 हजार 446 रुपये की बचत भी करेगी। इस बजट के जरिए नपा परिषद अध्यक्ष ने शहर के नागरिकों को बडी राहत दी है। नपा ने कोई नया कर नहीं लगाया है और न ही पुराने करों में किसी प्रकार की वृद्धि की है। नपा का वित्तीय वर्ष 2025.26 के प्रस्तावित बजट में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, नवीन योजनाओं तथा नगर विकास को समुचित दिशा देने हेतु पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। बजट में वर्तमान प्रचलित कर शुल्क की दर से होने वाली आय को दृष्टिगत रखकर आय राजस्व तथा केंद्र राज्य शासन से विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं में प्राप्त होने वाले अनुदान राशि के अनुपात में ही आय एवं व्यय की राशि वर्ष 2025.26 हेतु प्रस्तावित की गई है। बजट वर्ष 2025.26 में निकाय को समस्त राजस्व स्त्रोतों कर शुल्क की वसूली एवं चुंगी क्षतिपूर्तियात्री करमुद्रांक शुल्क सड़क मरम्मत अनुरक्षणराज्य वित्त आयोग मूलभूत सुविधा 2.0 एसबीएम 2.0 अंतर्गत लीगेसी वेस्ट और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पीएमएवायध्विजन डाक्यूमेंट मुख्यमंत्री अधोसंरचना संजीवनी क्लीनिक एसडीआरएफ कायाकल्प एवं अन्य विभिन्न योजनाओं में अनुदान से प्राप्त होने वाली आय कुल राशि रूपये 03 अरब 33 करोड 26 लाख 36 हजार 826 का प्रावधान किया गया है। इस राशि से निकाय में कार्यरत नियमित दैनिक वेतनभोगी अधिकारी कर्मचारी के वेतन भत्तों तथा मस्टर देयकों को भुगतान एवं अन्य शेष एरियर राशि सहित आवश्यक विकास कार्य के अतिरिक्त शासन से प्राप्त होने वाले अनुदान असाधारण आय से प्रचलित निर्माण कार्यध्विकास योजनाओं को पूर्ण करने के साथ.साथ नवीन प्रस्तावित योजनाओं पर व्यय की जाने वाली राशि रूपये 03 अरब 33 करोड 25 लाख 59 हजार 380 रूपये व्यय का प्रावधान किया गया है। बजट वर्ष 2025.26 से स्वत: स्पष्ट है कि प्रस्तावित व्यय पर आय का आधिक्य होने से रूपये 77,446. के लाभ ;बचत का बजट प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तुत बजट वर्ष 25.26 में केंद्रीय राज्य शासन की वर्तमान में प्रचलित महत्वपूर्ण जनउपयोगी योजनाएं साथ ही इस वर्ष शहर में जल वितरण हेतु मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना का कार्य पूर्ण किया जावेगा। नगर इटारसी सीमा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त वार्डों में सड़क नाली पार्क विद्युत सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिये पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है जिससे कि सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार विकास कार्य पूर्ण किये जा सकेंगे। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत बड़े नालों का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिससे वर्षों में बाढ़ से राहत मिलेगी। निकाय को ओडीएफ डबल प्लस घोषित किया गया है। कार्य योजना के अलावा शहर की सफाई व्यवस्था हेतु शासन से प्राप्त अनुदान मद से क्रय किये गये गारबेज कंटेनर के माध्यम से डोर टू डोर कचरा एकत्र करने का कार्य निरंतर निकाय द्वारा कराया जा रहा है। आगामी वर्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन निद्याम 2016 के अनुरूप गार्बेज कलेक्शन की प्रक्रिया को और गति प्रदान करने हेतु नये गार्बेज कांपेक्टर कय करने की कार्यवाही प्रस्तावित है जिससे शहर में सफाई की समस्या काफी हद तक दूर होगी एवं नगर पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में स्वच्छ दिखाई देगाए आगे और भी प्रयास कर स्वच्छता कार्य में गति प्रदान की जावेगी। शहर से निकलने वाले कचरे के निष्पादन हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत कचरा एकत्रीकरण एवं निष्पादन हेतु जिलवानी में एक पूरी तरह वैज्ञानिक लैण्डफिल साइट का पूर्ण विकास कार्य आगामी वित्तीय वर्ष में पूर्ण होना संभावित है। इस वित्त वर्ष में शहर की सीवर ट्रीटमेंट सिस्टम की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव अनुमोदन हेतु भेजा जावेगा। वित्त वर्ष 2025.26 में इसे प्राथमिकता से स्वीकृत कराने का लक्ष्य रखा गया है। आय व्यय लेखा बजट में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के लिये खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन तथा शालाओं के उन्नयन एवं मरम्मत कार्य हेतु भी समुचित राशि का प्रावधान किया गया है। उसी अनुक्रम में निकाय में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारियों को वेतन भत्तों के भुगतान हेतु भी निर्धारित स्थापना व्यय की सीमा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में राशि का प्रावधान किया गया है। बजट के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि बजट प्रावधान में आय व्यय का संतुलन बना रहे इसी अनुक्रम में प्राप्त होने वाली सकल आय में जिस प्रकार आय राजस्व प्राप्ति के उपलब्ध स्त्रोत अनुसार राशि का प्रावधान किया गया है उसी अनुसार निकाय को वास्तविक रूप से उक्त मदों में आय प्राप्त होने पर ही विभिन्न मदो में प्रावधान अनुसार वास्तविक रूप से राशि का व्यय किया जा सकेगा। बजट में प्रस्तावित कार्ययोजनाओं तथा नगर की जन आकांक्षाओं के अनुरूप आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पूर्व वर्ष की अपेक्षा आगामी वर्ष के लिये निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जाने के लिये राजस्व संग्रहण एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके लिये नगर के समस्त करदाता नागरिकों से निकाय अपील करती है कि वे अपने समस्त करों का भुगतान समयावधि में करावे जिससे कि जनसुविधाओं हेतु प्रस्तावित समस्त योजनाएं शीघ्र पूर्ण कराई जाकर इटारसी शहर को एक आधुनिक, स्वच्छ, स्वस्थ्य एवं बेहतर नगर के रूप में पहचान दिलाई जा सके ।

### इनका कहना है

इस वर्ष कोई नया कर नहीं लगाया है और न ही पुराने करों में बढोतरी की है। वहीं नगर विकास के लिए पार्क, तालाब, स्वच्छता, नाली के लिए सभी प्रकार के प्रावधान किए हैं। 88 करोड रुपये अमृत योजना से आने हैं, इसलिए बजट बढा है।

**पंकज चौरे, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी**

तीन नई योजनाएं मिलने से बजट में 100 करोड रुपये बढे हैं। नपा ने नागरिकों को राहत देते हुए कोई नया कर नहीं लगाया है और न ही कर में बढोतरी की है।

**श्रीमती रितु मेहरा, सीएमओ इटारसी**

# वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त अमले द्वारा हितग्राहियों को 17 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा दिलाने की कार्यवाही की गई

## -विलम्ब से कार्यवाही क्यों ?

नर्मदापुरम (निप्र)। दिनांक 08.04.2025 को वन विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त अमले द्वारा विस्थापित ग्राम नया खामदा भाग-04 के हितग्राहियों को कक्ष क्रमांक आर.एफ. 193 में स्वीकृत भूमि पर कब्जा दिलाने की कार्यवाही की गई। भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के ज्ञाप क्रमांक F-No-8-20/2021/FC दिनांक 18.02.2022 से सतपुड़ा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम के बोरी अभ्यारण्य से विस्थापित ग्राम खामदा भाग 04 के ग्रामीणों के पुनर्वास हेतु वनमण्डल (सा.) नर्मदापुरम के सोहागपुर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 193 में वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के तहत 66 हेक्टे. वनभूमि स्वीकृत की गई थी। जिसे मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 6 जनवरी 2023 से 66 हेक्टे. भूमि को मध्यप्रदेश शासन द्वारा डि-नोटिफिकेशन/वनभूमि से राजस्व भूमि घोषित किया गया। इस 66 हेक्टे. रकबे में विस्थापित ग्राम नया खामदा भाग-04 के हितग्राहियों को विस्थापन योजनानुसार भूमि आबंटित करना था, लेकिन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 193 में विस्थापन हेतु स्वीकृत उक्त 66 हेक्टे. रकबे में से 17 हेक्टे. रकबे पर वर्ष 2022 से ग्राम खकरापुरा एवं डांगपुरा के ग्रामीणों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था। आज वनविभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की उपस्थिति में वन, राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने उक्त अतिक्रमित भूमि से अवैध कब्जा हटाकर सी.पी.टी. खुदाई कर मौके पर तत्काल फेंसिंग कार्य किया एवं विस्थापित ग्राम खामदा भाग-4 के हितग्राहियों को कब्जा दिलाया गया। हालांकि इस कार्य को पूर्व में किया जाना चाहिए था जिसे विभाग द्वारा दो वर्ष पश्चात किया गया। इस दौरान एस.डी.एम. नर्मदापुरम श्रीमति नीता कोरी, सहायक संचालक एवं विस्थापन अधिकारी सोहागपुर अंकित जामोद, संयुक्त वनण्मडलाधिकारी (सामान्य) सोहागपुर श्रीमति रचना शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोहागपुर संजू चौहान, सहायक संचालक पिपरिया आशीष खोब्रागड़े, तहसीलदार माखननगर अनिल पटैल, थाना प्रभारी सोहागपुर कंचन ठाकुर, सहायक विस्थापन अधिकारी सोहागपुर ओमप्रकाश इवने, वन परिक्षेत्र अधिकारी बागड़ा बफर एवं पिपरिया दुर्गेश सिंग बिसेन, वन परिक्षेत्र अधिकारी कामती पी.एन. ठाकुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी (सामान्य) सोहागपुर सुमित पाण्डे, वन परिक्षेत्र अधिकारी (सामान्य) बनखेड़ी राजुल कटारे एवं वन विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग का क्षेत्रीय अमला उपस्थित रहा।

# नर्मदापुरम विधानसभा के सक्रिय भाजपा सदस्यों का सम्मेलन आज

इटारसी (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन 10 अप्रैल को प्लेटिनम रिसोर्ट में शाम चार बजे से आयोजित होगा। भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने बताया कि सम्मेलन में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक पीयूष शर्मा व नर्मदापुरम विधानसभा के सभी पांचों मंडल के सक्रिय सदस्य शामिल होंगे।

# समेरिटंस आईसीएसई में दंत परीक्षण शिविर




नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस आईसीएसई स्कूल पिपरिया में गत दिवस दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ कल्पना शर्मा ने बताया कि इसमें डा महेश चौधरी और डा निधि सुरजन ने शिक्षकों और बच्चों के दांतों का परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दांतों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित सफाई करनी चाहिए। अधिक ठंडे और अधिक गर्म खाद्य पदार्थ नहीं खाने चाहिए। उन्होंने दांतों की देखभाल करने के तरीके भी बताए। डॉ चौधरी एवं डॉ सुरजन ने बच्चों को उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कॉर्डिनेटर श्रीमती दिव्या अग्रवाल ने किया।

# जिला रोजगार कार्यालय एवं सहयोगी संस्थाओं के द्वारा युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव एवं मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने मेले का शुभारंभ किया एवं रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु छात्र.छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं रोजगार एवं स्वरोजगार मेले के बारे में जानकारी प्रदान की एवं विशाल दीवान भी उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि द्वारा रोजगार एवं स्वरोजगार मंच से ऑफर लेटर एवं स्वरोजगार योजन अतर्गत ऋण वितरण कराया गया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ ऐबी खान एवं धर्मेश तिवारी द्वारा रोजगार मेला में अहम भूमिका निभाई गई। जिसमें पॉलिटेक्निक प्राचार्य डॉ पीसी नरवरे एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कैलाश माल एवं आरआर चंद्राकर एवं भगवान सिंह राजपूत एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।रोजगार मेला में कुल उपस्थित आवेदक 166 में से कपनी प्रतिनिधि द्वारा 121 प्राथमिक चयन किया गया एवं स्वरोजगार आवेदक 05 को लाभान्वित किया जिसमे रोजगार एवं स्वरोजगार द्वारा कुल 126 युवाओ एवं युवतिओं को लाभान्वित किया गया। रोजगार मेला में शासकीय विभाग से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभागए सहायक संचालक सहायक संचालक मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग तथा अल्प संख्या कल्याण विभाग, परियोजना अधिकरी गरीय विकास एवं आवास



166 युवक युवतियों में से 126 का किया गया चयन

विभाग एवं निजि क्षेत्र में ट्राइडेंट बुदनी, नाहर मंडीदीप, जेड प्लस एकेडमी नर्मदापुरम क्वेस कोर्प, भोपाल यशस्वी एकेडमी ;भोपाल भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड नवकिसान बायोटेक कौशल विकास केंद्र ;जबलपुर भारतीय जीवन बीमा पुखराज सिक्योरिटी, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, कोल्टिंग एण्ड डिजाइन, शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड भोपाल, पुष्कल एग्रीटेक लिमिटेड नव भारत फर्टीलाजर्स, गेकलदास एक्सपोर्ट, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस, आयशर, मेस्का एनआईआईटी पूजा ग्रुप, ऐमआईसी रोजगार दिलाने वाली कंपनियां शामिल रही।

# बिजली कटौती से संभाग मुख्यालय के नागरिक परेशान

नर्मदापुरम (निप्र)। जैसे जैसे गर्मी अपना रोद्र रूप ले रही है। बिजली कंपनी भी नागरिकों की परीक्षा ले रही है। बीते तीन दिनों से बिजली कंपनी के द्वारा कुछ ज्यादा ही मेंटनेंस के नाम पर कटौती की जा रही है। मंगलवार की रात तो अचानक बिजली ने पूरे शहर को परेशान किया। दिन में अनेक बार अघोषित कटौती होने के बाद रात में शाम होते ही जो बिजली गुल हुई तो रात के 10 बजे आई फिर भी आती जाती बनी रही। जिससे पूरा शहर परेशान हुआ। ऐसा ही कुछ बुधवार को भी दिन में अनेक बार बिजली गुल होने से नागरिकों में बिजली कंपनी के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि बिजली कंपनी बिल तो पूरा ले रही है। सुविधा के नाम पर जब नागरिकों को बिजली की जरूरत है तब मेंटनेंस के नाम पर अनेक घटों तक बिजली की कटोती की जा रही है। कुछ समय अघोषित अब घोषित रूप से सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक मेंटनेस किया जाना है। तब भी कटौती होना है।

# नर्मदापुरम संभाग में इस बार 4 लाख 60 हजार 650 हेक्टेयर में बोई जा रही हैं ग्रीष्मकालीन फसलें

## -तीसरी फसल के लिए तवा से सिंचाई के लिए मिलेगा पानी, मूंग की बोवनी होने लगी शुरू
## -प्रदेश में सबसे ज्यादा मूंग के उत्पादन का रिकार्ड बना चुका है नर्मदापुरम जिला



**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम। संभाग के तीनों जिले नर्मदापुरम,हरदा और बैतूल में इस बार 4 लाख 60 हजार 650 हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन फसलों की बोवनी का कार्य शुरू हो गया है। जिसमें मुख्य रूप से मूंग, उड़द, मुंगफली, धान, मक्का, चरी, तिल, सूरजमुखी की बोनी की जा रही है। यह लक्ष्य संयुक्त संचालक कृषि के द्वारा हाल ही में तय किया गया। जिसमें सबसे ज्यादा नर्मदापुरम जिले में बोनी होगी। संयुक्त संचालक कृषि कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम में गेहूं और चने की कटाई के बाद मूंग और अन्य तीसरी फसल की बोवनी शुरू हो गई है। वहीं हरदा जिले में गेहूं और चना की कटाई के बाद 97 हजार हेक्टेयर में मूंग की बोनी हो चुकी है। बैतूल में 4 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। नर्मदापुरम जिले में 3 हजार 600 हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है।

### बन चुका है प्रदेश में रिकार्ड

वर्ष 2017 में सिंचाई विभाग के द्वारा नहरों से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया गया था। जिससे पूर्व का होशंगाबाद व वर्तमान नर्मदापुरम जिले ने प्रदेश में तीसरी फसल मूंग के उत्पादपन में रिकार्ड बनाया था। उस वर्ष जिले में 1 लाख 21 हजार मीट्रिक टन मूंग का उत्पादन हुआ था। वह उस समय तक प्रदेश व देश में सबसे अधिक था।

### -नर्मदापुरम संभाग के जिलों का लक्ष्य और पूर्ति

**नर्मदापुरम जिले का लक्ष्य**

इस वर्ष जिले का लख्य 2 लाख 94 हजार हेक्टेयर में ग्रीष्म कालीन फसलें लगाने का लक्ष्य बनाया गया है। अभी तक 3 हजार 632 हेक्टयर में बोवनी हो चुकी है। धान भी लगाई गई। वहीं मक्का और चरी लगाने का कार्य जारी है। इसके अलावा अन्य फसलों में तरबूज की पैदावार भी तीसरी फसल के रूप में खूब ली जाती है। जोकि उद्यानिकी फसलों में आतकी है।

**हरदा जिले का लक्ष्य**

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं और चना की उपज निकालने के बाद हरदा जिले में तीसरी फसल की बोनी तेजी से जारी है। यहां का लक्ष्य 1 लाख 46 हजार हेक्टयर तय किया गया है। जिसमें से अभी तक हरदा जिले में 97 हजार 349 हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है।

**बैतूल जिले का लक्ष्य**

बैतूल जिले में सिंचाई की सुविधा कम होने वहां का लक्ष्य भी कम ही रहता है। इस वर्ष का लक्ष्य 20 हजार 150 हेक्टेयर का है। जिसमें से अभी तक 4 हजार 85 हेक्टेयर में बोवनी हो सकी है। यहां पर गेहूं की कटाई जारी है। उसके तुरंत बाद जिनके पास सिंचाई सुविधा है वह मूंग लगाएंगें।

**इनका कहना है-**

''नर्मदापुरम जिले में रबी की फसलों की कटाई के साथ ही ग्रीष्म कालीन फसलों के लिए बोवनी का कार्य शुरू हो चुका है। पूर्व वर्षों की तरह किसानों का रूझान अच्छा है। मूंग की बोवनी ही जिले में सबसे अधिक होती है। ''

**जेआर हेड़ाउ, उप संचालक कृषि**

'' संभाग में पूर्व वर्षों की तरह ग्रीष्मकालीन फसलों का लक्ष्य तय हो गया है। कटाई होने के साथ बोवनी भी शुरू हो चुकी है। संभाग में इस बार 4 लाख 60 हजार हेक्टेयर में बोनी की जाएगी। जिन किसानों के पास सिंचाई सुविधाएं हैं वे तीसरी फसल के रूप में मूंग उड़द और मक्का आदि लगा रहे है। ''

**बीएल बिलैया, संयुक्त संचालक कृषि**

# मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने ली राजस्व शाखा की बैठक

## 15 दिवस में नवीन कॉलोनी के मकानों का संपत्तिकर निर्धारण करें

नर्मदापुरम (निप्र)। नागरिकों को शासन की योजना का लाभ सतत मिलता रहे यह प्रयास मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निरंतर जारी हैं। साथ ही नगरपालिका को आय के संबंध में आत्मनिर्भर बनाने का सीएमओ द्वारा प्रयास किया जा रहा हैं । इस कार्य को ओर अधिक गति प्रदान करने के लिए लगातार राजस्व शाखा की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बुधवार को राजस्व शाखा की बैठक लेकर संपत्तिकर सहित अन्य कर वसूलने के एआरआई को सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ईकेवायी को भी समय सीमा में पूर्ण करें। ई.नगरपालिका 2.0 के तहत आनलाइन कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा राजस्व शाखा की बैठक ली गई। जिसमें समस्त एआरआई उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि दैनिक बाजार बैठकी तहबाजारी अर्द्रवार्षिक शुल्क 1825 रहेगा। कोई भी पथविक्रेता साल भर का तहबाजारी शुल्क जमा करना चाहे तो वह कर सकता है। साथ ही नवीन कालोनी में संपत्तिकर का असिस्मेंट दर निर्धारण करने हेतु एआरआई को 15 दिवस का समय दिया गया है। सीएमओ श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि ई.नगरपालिका 2.0 के तहत सभी कार्य आनलाइन करें। जिसमें प्रमुख रूप से टैक्स भी ऑनलाइन प्राप्त कर जमा करें। ईकेवायसी का कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कार्य में लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम गुजरवाड़ा में श्रमदान कर तालाब गहरीकरण कार्य प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा विकासखंड माखननगर के ग्राम गुजरवाड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाब गहरीकरण हेतु श्रमदान कर कार्य प्रारंभ किया गया। विकासखंड समन्वयक नरेन्द्र देशमुख के मार्गदर्शन में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम गुजरवाड़ा स्थित माध्यमिक शाला के पीछे तालाब में गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

# क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

## :: जाहिर सूचना ::

सूचित किया जाता है कि श्रीमती जाग्रति दुबे पत्नी स्व. अरूण कुमार दुबे, निवासी वार्ड नंबर 10 सरदार वार्ड सोहागपुर जिला नर्मदापुरम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनके पति स्व.अरूण कुमार दुबे, आत्मज श्री रविशंकर दुबे का निधन 12-04-2019 को हो गया है। उनके पति स्व. अरूण कुमार दुबे, के नाम पर एक वाहन क्रमांक एम पी 05 एम जी 5563 आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में पति के नाम दर्ज है। उक्त वाहन को श्रीमती जाग्रति दुबे अपने नाम पर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज कराना चाहती हैं। उन्होंने शपथ पत्र में लेख किया है कि उनके पुत्र पुत्री अर्जित दुबे और आकृति दुबे की भी पूर्ण सहमति है। अत: उक्त वाहन को श्रीमती जाग्रति दुबे अपने नाम दर्ज कराना चाहती हैं। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी श्रीमती जाग्रति दुबे की होगी।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com